गाजियाबाद, दिल्ली एवं नोएडा से एक साथ प्रकाशित

R.N.I.NO. UPHIN/1998/202



# हिन्द आत्मा



केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु स्वीकृत

दैनिक

प्रातः कालीन संस्करण

गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, मेरठ, मोदीनगर, बागपत, हापुड, बुलन्दशहर, मुरादाबाद एवं लखनऊ में सर्वाधिक प्रसारित

● वर्षः 25 ● अंकः 356 ● गाजियाबाद, शनिवार 13 अप्रैल, 2024 ● सम्पादक-अशोक कौशिक ● मूल्य : 1 रूपया

## संक्षिप्त समाचार

### पंचम दिवस



### स्कंदमाता

देवी मां का पांचवां रूप स्कंदमाता के नाम से प्रचलित है। भगवान कार्तिकेय का एक नाम स्कन्द भी है जो ज्ञानशक्ति और कर्मशक्ति के एक साथ सूचक हैं। स्कन्द इन्हीं दोनों के मिश्रण का परिणाम है।

## शराब नीति केस में अब और घिरीं के कविता

● सीबीआई को 15 अप्रैल तक मिली बीआरएस नेता की रिमांड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली शराब नीति केस से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में पूर्व सीएम केसीआर की बेटी के. कविता को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 15 अप्रैल तक सीबीआई की कस्टडी में भेजा है। सीबीआई ने कविता से पूछताछ करने के लिए 5 दिन की रिमांड मांगी थी। सीबीआई का कहना है कि शराब नीति से जुड़ी साजिश का पर्दाफाश करने के लिए कविता का सबूतों से सामना कराने की जरूरत है। उन्होंने एएपी को रिश्वत के भुगतान के संबंध में संतोषजनक



जवाब नहीं दिया। उधर, के कविता के वकील ने सीबीआई के इस ऐक्शन को अवैध बताया है। उन्होंने जांच एजेंसी पर मौलिक अधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगाया है। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। कविता मनी लॉन्ड्रिंग केस में 26 मार्च से न्यायिक हिरासत में थीं। एजेंसी ने गुरुवार (11 अप्रैल) को के. कविता को तिहाड़ जेल में गिरफ्तार किया था। रिमांड मिलने पर कविता को सीबीआई हेडक्वार्टर ले जाया जाएगा, जहां उनसे पूछताछ होगी। इससे पहले सीबीआई ने 6 अप्रैल को तिहाड़ में कविता से पूछताछ की थी। सीबीआई ने कविता को धारा 120-बी (आपराधिक साजिश), धारा 477-ए (खातों में हेराफेरी) में गिरफ्तार किया है।

# 70 साल तक माताओं-बहनों की किसी ने नहीं सुनीः पीएम

### मोदी ने राजस्थान के बाड़मेर में कांग्रेस पार्टी को जमकर सुनाया

### पीएम ने जल जीवन मिशन,एयरपोर्ट और रिफाइनरी पर कांग्रेस को घेरा

**बाड़मेर (एजेंसी)।** राजस्थान में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाड़मेर दौरे पर थे। यहां उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। यहां दूसरे चरण में लोकसभा चुनाव होने जा रहा है। बाड़मेर-जैसलमेर सीट पर बीजेपी के कैलाश चौधरी चुनाव लड़ रहे हैं। उनके समर्थन में सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने जल जीवन मिशन, एयरपोर्ट और रिफाइनरी पर कांग्रेस को जमकर घेरा है। पीएम मोदी ने कहा कि पानी की कीमत बाड़मेर जैसलमेर से ज्यादा कौन जान सकता है। यहां के लोग कहते हैं कि घी ढूले तो म्हारो कुछ नहीं गियो, पानी ढूले तो म्हारो सब कुछ गियो। यह राजस्थान की बात बोलकर पीएम मोदी ने बताया कि यहां के लोगों के लिए पानी घी से भी मूल्यवान है। उन्होंने कहा कि घर घर पानी पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन शुरू किया लेकिन कांग्रेस ने उसमें भी जमकर भ्रष्टाचार किया। ईआरसीपी प्रोजेक्ट को रोकने के लिए कांग्रेस ने पांच साल तक अटकलें लगाई।



प्रदेश में भजनलाल शर्मा की सरकार बनते ही 100 दिन में ईआरसीपी को मंजूरी मिल गई। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस की सोच ही विकास विरोधी है। वे लोग देश के सीमावर्ती गांव को आखिरी गांव कहते हैं। हमारे लिए ये गांव देश के पहले गांव हैं। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस यह सोचती थी कि सीमावर्ती गांवों में सड़क बनाएंगे और विकास के कार्य करेंगे तो दुश्मन देश आकर कब्जा कर लेंगे। कांग्रेस की इस सोच को पीएम मोदी ने शर्मनाक सोच बताया।

# पाकिस्तान-मालदीव के सुर में गा रहा था तुर्की

### भारत ने दे दिया 22 हजार करोड़ का फटका, टेंशन में 'खलीफा'

**अंकारा/नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान और मालदीव की मुइज्जू सरकार के सुर में सुर मिला रहे तुर्की को भारत ने कड़ा सबक सिखाया है। भारत ने 22 हजार करोड़ के नौसैनिक युद्धपोतों की डील से तुर्की की कंपनियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। रक्षा मंत्रालय ने घरेलू शिप बिल्डिंग कंपनियों को आगे बढ़ाने के लिए तुर्की की कंपनियों से सभी ठेके रद्द करके हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड को दे दिया है। इस डील के तहत 5 फ्लीट सर्पोट शिप बनाया जाना है। बुधवार को विशाखापत्तनम में पहले शिप की स्टील कटिंग सेरेमनी भी संपन्न हो गई। भारत ने यह कदम ऐसे समय पर उठाया है जब हाल के दिनों तुर्की ने भारत के खिलाफ कई विरोधी कदम उठाए हैं। अब तक पाकिस्तान को ड्रोन और मिसाइलें देने वाले तुर्की ने अब मालदीव को भी टीबी-2 किलर ड्रोन दिया है जहां की मुइज्जू सरकार इन दिनों भारत के खिलाफ जहर उगल रही है। इससे पहले तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप



एर्दोगान ने कश्मीर मामले को कई बार संयुक्त राष्ट्र के मंच पर उठाया है। यही नहीं पाकिस्तान के इशारे पर अक्सर तुर्की भारत के खिलाफ बयान देते रहता है। 5 सपोर्ट शिप बनाने का यह ठेका हिंदुस्तान शिपयार्ड को मिल गया है।

# बेंगलुरु ब्लास्ट के दो मुख्य आरोपी कोलकाता से गिरफ्तार

### बंगाल कनेक्शन को लेकर टीएमसी और बीजेपी आमने-सामने

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी यानि कि एनआईए ने रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में दो मुख्य संदिग्धों मुसाविर हुसैन शाजिब और अब्दुल मतीन ताहा को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार कर लिया है। 1 मार्च को रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट के बाद से मुसाविर हुसैन शाजिब फरार था, जबकि तीर्थहल्ली ट्रायल ब्लास्ट मामले में आरोपी अब्दुल मतीन ताहा भी काफी समय से लापता था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने 4 मार्च को ब्रूकफील्ड में रामेश्वरम कैफे में धमाके की जांच को अपने हाथ में लिया। एनआईए ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। अधिकारियों ने कहा कि दो प्रमुख भगोड़ों, अब्दुल मतीन ताहा और मुसाविर हुसैन शाजिब का कोलकाता के पास उनके ठिकाने का पता लगाया गया और एनआईए टीम ने उन्हें पकड़ लिया। मुसाविर हुसैन शाजिब वह आरोपी है जिसने कैफे में आईईडी रखा था और अब्दुल



मतीन ताहा विस्फोट की प्लानिंग करने और उसे अंजाम देने देने वाला संदिग्ध है। इससे पहले एनआईए की टीम ने कर्नाटक में 12, तमिलनाडु में 5 और उत्तर प्रदेश में एक जगह सहित कुल 18 जगहों पर छापेमारी की थी। इस दौरान सह-साजिशकर्ता मुजम्मिल शरीफ को पकड़ा गया था। इस पर आरोप था कि यह इन दोनों को मदद दे रहा था। एनआईए की टीम ने 29 मार्च को दोनों मास्टरमांइड पर 10-10 लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया था। यह दोनों आरोपी शिवमोगा जिले के तीर्थहल्ली इलाके के रहने वाले हैं।

### ममता बोलीं- हमारे कारण बेंगलुरु ब्लास्ट के आरोपी गिरफ्तार हुए

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के पूरबा मेदिनीपुर से बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट के दो आरोपियों की शुक्रवार को गिरफ्तारी को लेकर तृणमूल कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने है।



टीएमसी प्रमुख और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि हमारे कारण बेंगलुरु कैफे ब्लास्ट के दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी हुई। ममता कूचबिहार के दिनहाटा में चुनावी रैली कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने मंच से कहा- भाजपा के एक नेता ने कहा है कि बंगाल सुरक्षित नहीं है, जबकि बंगाल पुलिस के एक्शन के कारण ही आरोपियों को दो घंटे के भीतर गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपी बंगाल के रहने वाले नहीं है। वे यहां छिपे हुए थे। भाजपा बंगाल के बारे में अफवाह फैलाती है। उन राज्यों के बारे में क्या जहां आप (भाजपा) सत्ता में हैं। क्या उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार और गुजरात सुरक्षित है। बंगाल में शांति है तो भाजपा इसे बर्दाश्त नहीं कर सकती। ममता बंगाल भाजपा के को-इन्चार्ज अमित मालवीय के बयान पर पलटवार कर रही थीं। दरअसल, अमित मालवीय ने रामेश्वरम कैफे के आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया था। उन्होंने एक्स पर लिखा- एनआईए ने ब्लास्ट में दो मुख्य आरोपियों को कोलकाता से हिरासत में लिया।

# विनेश फोगाट को डर, 'डोप' में फंसा सकती है सरकार

● पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर लगाए साजिश रचने के आरोप

● कोच-फिजियो को मान्यता नहीं, ओलंपिक में खेलने से रोकने का प्रयास

**पानीपत (एजेंसी)।** राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता पहलवान विनेश फोगाट ने एक बार फिर भारत सरकार पर हमला बोलते हुए बड़ा खुलासा किया है। विनेश ने भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर साजिश के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि वो मेरे मैच के दौरान मुझे मेरे पानी में कुछ मिला के ना पिला दे। विनेश ने कहा कि 19 अप्रैल को एशियन ओलंपिक क्वालीफाई टूर्नामेंट शुरू होने जा रहा है। मेरे द्वारा लगातार एक महीने से भारत सरकार सभी से मेरे कोच और फिजियो की एग्रीडेशन (मान्यता) के लिए रिक्वेस्ट की जा रही है। मान्यता के बिना मेरे कोच और फिजियो का मेरे साथ कॉम्पिटिशन में जाना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि बार-बार रिक्वेस्ट करने पर भी कहीं से भी कोई ठोस जवाब नहीं मिल रहा है। कोई भी मदद करने को तैयार नहीं है।

# राहुल-प्रियंका की उदयपुर लोकसभा में सभा की तैयारी

● 20 अप्रैल बाद आएंगे स्टार प्रचारक, पहले पूर्व सीएम गहलोत की हो सकती सभा

**उदयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान में पहले चरण के मतदान के बाद दूसरे चरण के मतदान को लेकर उदयपुर लोकसभा सीट को लेकर कांग्रेस के स्टार प्रचारकों का आना शुरू होगा। यहां कांग्रेस पार्टी के बड़े



चेहरे आएंगे। नेताओं की सभा को लेकर तैयारियां भी शुरू हो गई है। स्टार प्रचारक राहुल गांधी और प्रियंका से पहले पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का उदयपुर में दौरा संभावित है। गहलोत की यहां सभा जिला मुख्यालय पर ही कराने की तैयारी है। गहलोत की सभा की 15 से 16 अप्रेल के बीच होने की संभावना है। कांग्रेस का जोर है कि गहलोत की यह सभा शहर के आरके सर्कल से लेकर भुवाणा के आस-पास के इलाके में कराई जाए। इसके पीछे सोच यह है कि उदयपुर शहर, उदयपुर ग्रामीण, मावली और गोगुंदा विधानसभा का एरिया कवर हो जाएगा।

# योगी बोले-उल्टा लटकाकर नीचे मिर्च का छौंका लगा देते हैं

● दंगा करने वालों को चेतावनी, कहा-एक माफिया परेशान करता था, अब कहां है, सब जानते हैं

**सहारनपुर (एजेंसी)।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कैराना में चुनावी जनसभा की। इस दौरान योगी ने अतीक अहमद का नाम लिए बिना कहा- प्रयागराज का एक माफिया पिछड़ी जाति के व्यक्ति



की हत्या करके उसकी प्रॉपर्टी पर कब्जा कर लेता था। लेकिन, हमने उस माफिया की कब्जाई जमीन पर गरीबों को घर बनाकर दिए। वह लोगों को परेशान करता था। अब वह कहां है, सब जानते हैं। योगी ने कहा-आज कोई नौजवान के भविष्य के साथ खिलवाड़ करेगा तो उसके बाप-दादा की संपत्ति जब्त करके गरीबों में बंटवा देंगे। पहले माफिया सिर चढ़कर बोलते थे। छोटी-छोटी बात पर दंगा होता था।

# अभी और होगी बारिश, 'मस्ती' के मूड में मौसम

● बिहार-राजस्थान समेत 14 राज्यों में बन रहे बारिश के आसार ● एमपी-यूपी के 39 जिलों में आंधी-पानी का अलर्ट किया जारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार-राजस्थान समेत 14 राज्यों में मौसम विभाग ने शनिवार को बारिश की संभावना जताई है। इसमें मध्य प्रदेश, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर और छिंदवाड़ा समेत 36 जिलों में कहीं आंधी-बारिश तो कहीं ओले का रेड अलर्ट है। उत्तर प्रदेश में 13 जिलों के



राजस्थान, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, बिहार, तेलंगाना, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पुडुचेरी और अंडमान और निकोबार द्वीप शामिल हैं। मध्य प्रदेश में लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। बिहार में आज 9 जिलों में हल्की बारिश की संभावना है। वहीं, अगले दो दिनों के दौरान जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में भारी बर्फबारी और बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। एक तरफ जहां देश में बारिश के दौर से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। वहीं, कुछ इलाके ऐसे भी है जहां तेज गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग ने कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में हीटवेव की भविष्यवाणी की है। मध्य महाराष्ट्र, पश्चिमी राजस्थान, पूर्वी उत्तर प्रदेश, गुजरात और तमिलनाडु के कुछ जिलों में गुरुवार को तापमान 40 से 43 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया गया। इधर, पीएम मोदी ने गुरुवार को गर्मी के मौसम को लेकर एक रिव्यू मीटिंग की। इसमें उन्होंने हीटवेव यानी लू की स्थिति के लिए तैयारियों का जायजा लिया और केंद्र, राज्य की सरकारी संस्थाओं को मिलकर काम करने के लिए कहा। मध्य प्रदेश में नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा समेत 36 जिलों में आंधी-बारिश के आसार हैं।

### पीएम मोदी ने गर्मी को लेकर की रिव्यू मीटिंग



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को गर्मी के मौसम को लेकर एक रिव्यू मीटिंग की। बैठक में प्रधानमंत्री के मुख्य सचिव, गृह सचिव, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अधिकारी, और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण शामिल थे। आधिकारिक बयान में कहा गया कि पीएम मोदी को इस बैठक में अप्रैल से जून के दौरान देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा रहने की आशंका के बारे में बताया गया। महाराष्ट्र, गुजरात, एमपी, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में गर्मी की स्थिति ज्यादा रहने की संभावना है।

# अतीक, अशरफ और असद को भी आखिर मिल गई 'ईदी'

### लावारिश कब्रों पर फूलों की चादर चढ़ा गया कोई

### शाइस्ता पर लग रहीं अटकलें,मिल रही थी लोकेशन

**प्रयागराज (एजेंसी)।** वक्त से बड़ा कुछ नहीं है। एक समय में अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की अपराध जगत और राजनीति में बड़ी धमक थी लेकिन आज दोनों की कब्रें लावारिस हालत में हैं। एक साल पहले 15 अप्रैल को दोनों की हत्या हुई थी। उसके बाद से अतीक, अशरफ और अतीक के बेटे असद की कब्रों पर न तो फातिहा पढ़ा गया न ही रोशनी हुई। लेकिन 11 अप्रैल को ईद के मौके पर देखा गया कि इन तीनों ही कब्रों पर किसी ने गुलाब के फूलों की चादर चढ़ाई हुई है। इसकी चर्चा चारों और फैल गई। अटकलें लगाई जानें लगीं कि आखिर कौन था वह शख्स कहीं अतीक की फरार बीवी शाइस्ता परवीन तो नहीं चोरी छिपे आई थी। प्रयागराज में ईद की नमाज के बाद कसारी मसारी कब्रिस्तान पहुंचे एक व्यक्ति को मरहूम अतीक अहमद, भाई असरफ और बेटे असद की कब्रों पर फूलों की चादर चढ़ी दिखी।



उसने आस-पास के लोगों को बताया। बात धीरे-धीरे हवा में आग की तरह फैल गई। कुछ लोग जल्द ही कब्रिस्तान की ओर बढ़ चले। कुछ ने फोटो खींच कर दूसरों को भेजे।

# नमो भारत ट्रेन में 11 अप्रैल को सर्वाधिक यात्रियों ने किया सफर





हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** देश के पहले आरआरटीएस कॉरिडॉर पर नमो भारत ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों की संख्या दैनिक आधार पर लगातार बढ़ रही है। इसी क्रम मे कल यानी गुरुवार 11 अप्रैल को अभी तक के सर्वाधिक यात्रियों ने नमो भारत ट्रेन में सफर किया। इस दिन लगभग 13500 लोगों ने नमो भारत ट्रेन में यात्रा की। मोदी नगर नॉर्थ, मुराद नगर और गाजियाबाद से सबसे ज्यादा यात्रियों ने यात्रा की। यात्रियों मे बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग आदि शामिल थे।
नमो भारत ट्रेन दिल्ली- गाजियाबाद-मेरठ कॉरिडॉर पर अभी 34 किमी के सेक्शन पर साहिबाबाद से मोदीनगर नॉर्थ तक संचालित हो रही है जिसके अंतर्गत 8 आरआरटीएस स्टेशन आम जनता के लिए उपलब्ध हैं। ये स्टेशन हैं- साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई, दुहाई डिपो, मुरादनगर, मोदीनगर साउथ व मोदीनगर नॉर्थ। दिनांक आठ मार्च से अतिरिक्त 17 किलोमीटर सेक्शन के खुलने के बाद से ही यात्रियों की संख्या 4 गुणी हो गई थी यानी दैनिक औसत यात्री संख्या 3000 से बढ़कर 12000 हो गयी।
इसी क्रम मे कल यानि 11 अप्रैल, गुरुवार को सबसे ज्यादा लगभग 13500 यात्रियों ने नमो भारत ट्रेन में सफर किया है। दिल्ली- गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडॉर अभी दिल्ली या मेरठ से नहीं जुड़ा है, बल्कि गाजियाबाद मे ही अपनी सेवाएं दे रहा है। 21 अक्टूबर से 7 मार्च की अवधि मे 5 स्टेशन के साथ सिर्फ 17 किलोमीटर का सेक्शन ही जनता के लिए परिचालित था।
एनसीआरटीसी यात्रियों की सुविधा के लिए आरआरटीएस कनेक्ट मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से डिजिटल क्यूआर कोड-आधारित टिकट, 'वन-टैप' या ऑरिजिन-डेस्टिनेशन चयन द्वारा पेपर क्यूआर कोड-आधारित टिकट जैसे विभिन्न टिकटिंग विकल्प प्रदान कर रहा है। इसके साथ ही यात्री स्टेशनों पर लगाई गई टिकट वेंडिंग मशीनों (टीवीएम) से यूपीआई, नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी), डेबिट-क्रेडिट कार्ड और बैंक नोट के जरिए भी पेपर क्यू आर कोड जनरेट कर सकते हैं।
प्रत्येक नमो भारत ट्रेन में 6 कोच हैं। एक स्टैंडर्ड कोच में 72 सीटें और प्रीमियम कोच में 62 सीटें उपलब्ध हैं। प्रत्येक नमो भारत ट्रेन में प्रीमियम कोच के साथ वाला डिब्बा महिलाओं के लिए आरक्षित है। इस-के साथ ही, ट्रेन के अन्य डिब्बों में भी महिलाओं, दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए सीटें आरक्षित हैं। इसके अतिरिक्त, सभी यात्रियों को सहायता और सुविधा के लिए प्रत्येक आरआरटीएस ट्रेन में एक ट्रेन अटेंडेंट भी उपलब्ध है।
आरआरटीएस स्टेशनों पर व्हीलचेयर की सुविधा भी उपलब्ध है और आवश्यकतानुसार इसका उपयोग किया जा सकता है। स्टेशनों पर व्हीलचेयर और स्ट्रेचर को आसानी से लाने-ले जाने लिए रैंप एवं बड़ी लिफ्ट लगाई गई हैं। साथ ही दृष्टिबाधित यात्रियों की सुविधा के लिए, स्टेशन के डिजाइन में टैकटाइल पाथ को शामिल किया गया है, जो नेविगेशन में सहायता करने के साथ-साथ उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। इसकी मदद से यात्री स्टेशन में प्रवेश से लेकर ट्रेन में चढ़ने तक की यात्रा आसानी से कर सकते हैं।
180 किमी प्रति घंटे की डिजाइन गति के साथ नव-उद्घाटित नमो भारत ट्रेनें राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में परिवहन के क्षेत्र में एक नया अध्याय लिख रही हैं। एनसीआरटीसी यात्रियों की सुविधा के लिए एक कदम आगे बढ़ाते हुए, प्राथमिक खंड के स्टेशनों से लास्ट-माइल कनेक्टिविटी के कई विकल्प भी प्रदान कर रहा है।
इसके साथ ही आरआरटीएस के दिल्ली से मेरठ के बीच के बाकी के कॉरिडोर पर तीव्र गति से काम चल रहा है और सम्पूर्ण कॉरिडोर पर ट्रेनों का संचालन जून 2025 तक आरंभ करने का लक्ष्य है।





## फखरूद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी के पूर्व चेयरमैन, प्रो० आरिफ अय्यूबी का निधन

**हिन्द आत्मा संवाददाता**-कमेटी के पूर्व चेयरमैन प्रो० आरिफ अय्यूबी का शुक्रवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। प्रो० आरिफ अय्यूबी, फखरूद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी में 2018 से 2021 तक चेयरमैन रहे। उनके निधन पर आज फखरूद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी में एक शोक सभा का अयोजन किया गया, जिसमें चेयरमैन सै० अतहर सगीर जैदी 'तूरज जैदी सचिव शौकत अली कमेटी स्टाफ और कई अदबी शख्सियत ने शिरकत की। चेयरमैन कमेटी ने प्रो० आरिफ अय्यूबी की शख्सियत पर रोशनी डालते हुए बताया की जिस समय वह कमेटी के चेयरमैन मनोनीत किये गये उस समय वह लखनऊ यूनिवर्सिटी में फारसी विभाग में प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष थे तथा तत्कालीन उप मुख्य मंत्री, मा० दिनेश शर्मा जी के बहुत करीबी भी थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में कमेटी की विभिन्न योजनाओं में विस्तार किया। प्रो० आरिफ अय्यूबी ने केवल उत्तर प्रदेश में नहीं बल्कि पूरे देश के विश्वविद्यालयों में फारसी भाषा के विशेषज्ञ के रूप में चयन समितियों के सदस्य भी थे। विषय विशेषज्ञ के रूप में वे संघ लोक सेवा आयोग के पैनल में भी सम्मिलित थे और कई चयन समितियों में उन्हें आमंत्रित किया जाता रहा। प्रो० आरिफ अय्यूबी ने कई पुस्तकें लिखी है। उन्होंने तत्कालीन राज्यपाल महामहिम राम नईक की पुस्तक चैरावत्ती चैरावती का अरबी तथा फारसी भाषा में अनुवाद भी किया था। प्रो० आरिफ अय्यूबी कई विदेशी भाषाओं के ज्ञानी थे। उनकी भाषाई योग्यता के दृष्टिगत लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने उन्हें विदेशी स्टूडेंटस के एडमिशन और एंबेसी से सम्बंधित समस्त दायित्व सौंपे थे।

## गवर्नमेंट एडिड निटरा टेक्निकल कैंपस में स्पोर्ट्स मीट २०२४ का समापन





**हिन्द आत्मा संवाददाता**-निटरा टेक्निकल कैंपस में तीन दिवसीय स्पोर्ट्स मीट २०२४ का आयोजन दिनांक ०९-०४-२०२४ से १२-०४-२०२४ हुआ 7 जिसके अंतर्गत क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेबल-टेनिस, खो-खो एवं शतरंज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया 7 स्पोर्ट्स मीट में -
क्रिकेट फाइनल मैच सी. एस. ई. अंतिम वर्ष तथा सी. एस. ई. द्वितीय वर्ष के बीच हुआ जिसमें सी. एस. ई. द्वितीय वर्ष विजेता रही ।
खो-खो (लड़कों) के फाइनल में पॉवर स्क्वाड ने योधा टीम को हरा कर विजयी रहे ।
खो-खो (लड़कियों) के फाइनल में द अवेंजेर्स ने रेबेल गर्ल्स को हरा कर विजयी रही ।
वॉलीबॉल के फाइनल में टी. टी. अंतिम वर्ष के छात्र विजयी रहे तथा सी. एस. ई. द्वितीय वर्ष के छात्र उपविजेता रहे ।
टेबल टेनिस (लड़कों) के एकल फाइनल में सी. एस. ई. तृतीय वर्ष के मुकेश मोर्य विजेता तथा सी. एस. ई. प्रथम वर्ष के निश्चय त्रिपाठी उपविजेता रहे ।
टेबल टेनिस (लड़कियों) के एकल फाइनल में द्वितीय वर्ष की अनुपमा पाण्डेय विजेता तथा अंशिका चतुर्वेदी उपविजेता रही ।
टेबल टेनिस (लड़कों) के डबल्स फाइनल में मुकेश मोर्य एवं गणेश कुमार विजेता तथा विवेक कुमार एवं निश्चय त्रिपाठी उपविजेता रहे ।
बैडमिंटन (लड़कों) के एकल फाइनल में तेजस्व चौहान विजेता तथा रवि पाण्डेय उपविजेता रहे ।
बैडमिंटन (लड़कियों) के एकल फाइनल में द्वितीय वर्ष की अंशिता श्रीवास्तव विजेता तथा अर्पिता गुप्ता उपविजेता रही ।
बैडमिंटन (लड़कों) के डबल्स फाइनल में रितेश मिश्रा एवं रमन दूबे विजेता तथा गौरव भाकुनी एवं अखंड प्रताप सिंह उपविजेता रहे ।
बैडमिंटन (लड़कियों) के डबल्स फाइनल में पूजा श्रीवास्तव एवं अमीषा पटेल विजेता तथा रितिका सिंह एवं साधना उपविजेता रहे ।
शतरंज (लड़कों) के फाइनल में रवि चौरसिया विजेता रहे तथा गौरव सिंह उपविजेता रहे 7
शतरंज (लड़कियों) के फाइनल में पूजा श्रीवास्तव विजेता रही तथा अंशिका गुप्ता उपविजेता रही ।
निटरा के डायरेक्टर जनरल डॉ. अरिंदम बासु ने विजेता टीमों को मैडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया 7 इस दौरान डॉ. एम . एस . परमार , श्री विवेक अग्रवाल, डॉ. बी. के. शर्मा एवं समस्त शिक्षकगण भी उपस्थित रहे ।


**Name Change**

**I, SHADAB Ahmed S/o Saleem Ahmad R/o 119, Kassavan, Dasna Gate, Ghaziabad (U.P.) have change our child name from Saqib (Old name), to Saqib Ahmed (New Name) for all future purposes.**


# चुनाव आयोग के पोर्टल पर भरा गया नामांकन हुआ एक झटके में रद्द

### गाजियाबाद रिटर्निंग ऑफिसर के ऊपर राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी ने उठाया लापरवाही और अनियमितता का सवाल?

### राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी ने भारत चुनाव आयोग एवं सुप्रीम कोर्ट तथा राष्ट्रपति से न्याय की गुहार लगाई

हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के शंभू दयाल कॉलेज की बी.एड. फाइनल ईयर की छात्रा, राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी की युवा नेता-बहन मोनिका गौतम लोकसभा चुनाव 2024 लड़ने के लिए अपनी तमाम आशाओं को समेटे हुए 01 अप्रैल, 2024 को नामांकन दस्तावेजों की 02 सेट रिटर्निंग ऑफिसर को दिया। लेकिन सिर्फ 01 सेट की रिसीविंग मोनिका गौतम को प्राप्त हुई। तब मोनिका गौतम द्वारा 03 अप्रैल 2024 को भारत चुनाव आयोग के पोर्टल पर अपना नामांकन ऑनलाइन भरा गया और जमा किया गया। नियमनुसार 04 अप्रैल 2024 को सुबह 11 बजे पोर्टल द्वारा बताये गए समय पर मोनिका गौतम, रिटर्निंग ऑफिसर के पास दस्तावेज जमा करने गई जिसे रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा लेने से इंकार कर दिया गया। तब सीईओ (उएड) लखनऊ व डीएम (उट) गाजियाबाद के हस्तक्षेप के बाद नामांकन स्वीकार किया।
मोनिका गौतम द्वारा 03 नामांकन भरे गए थे। जिसमें से केवल 02 की संवीक्षा हुई तथा नामांकन निरस्त कर दिए। चुनाव आयोग के पोर्टल पर भरे हुए नामांकन को यह कहते हुए निरस्त कर दिया की 'शपथ पत्र प्रारूप 26 के कॉलम 6 (1) को चिन्हांकित नहीं किया गया है और यह भी कहा की पूर्ण शपथ पत्र दाखिल हेतु अभ्यर्थी को चेकलिस्ट भी निर्गत की गई है।' जबकि कोई चेकलिस्ट दी ही नहीं गई। राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी के विधि सलाहकार एडवोकेट प्रदीप कुमार माहेश्वरी ने बताया कि भारत चुनाव आयोग के दिशा निर्देशन के अनुसार चेकलिस्ट दी जानी चाहिए। एडवोकेट माहेश्वरी ने आगे बताया कि ऑनलाइन भरे गए नामांकन पत्र पर किसी भी प्रकार का बदलाव (अ'-३१३ड्ढल्ल) अनुचित एवं अवैधानिक है। इसीलिए मोनिका गौतम द्वारा नियमानुसार जमा किये गए नामांकन पत्र में कोई बदलाव (अ'३१३ड्ढल्ल) नहीं किया गया। एडवोकेट महेश्वरी ने रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यप्रणाली पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि गाजियाबाद के अन्य लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग ने जो शपथ पत्र (प्रारूप 26) जो पोर्टल में उपलब्ध (तथा ऑनलाइन नहीं भरे गए हैं) है। शपथ पत्र प्रारूप 26 में किसी में भी कॉलम 5, 6, 6(1) व 6 (क) को चिन्हांकित नहीं किया गया है। उन चारो नामांकनों को स्वीकार कर लिया गया है। माहेश्वरी ने आगे कहा की या तो भारत चुनाव आयोग का पोर्टल गलत है या फिर रिटर्निंग ऑफिसर? इसका निर्णय चुनाव आयोग करे।
इस संबंध में राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामानुज सिंह ने कहा कि यह एक गंभीर विषय है। गाजियाबाद से 42 में से 22 नामांकन रिजेक्ट किये गए है। जिसका अर्थ यह है की रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा नामांकन लेते समय चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा निदेशों का पालन नहीं किया गया है। या तो वह चुनाव आयोग की नामांकन प्रक्रिया से अनभिज्ञ है या उन्होंने लापरवाही की है। इसका निर्णय चुनाव आयोग को तत्काल करना चाहिए।
यह बता दे कि शंभू दयाल कॉलेज की छात्रा, मोनिका गौतम जिनकी उम्र 25 वर्ष है और जो दलित परिवार से आती है ने आर्थिक रूप से सक्षम न होते हुए भी लोकसभा चुनाव 2024 लड़ने का निर्णय लिया। मोनिका गौतम ने बताया की हमारे परिवार ने जो त्रासदी झेली है उसी कारण मैंने कमजोर, बेसहारा और सताए हुए लोगों की मदद करने का स्वपन बचपन से संजोया है। उन्होंने बताया, 'मेरे पिता के हार्ट अटैक (2019) के बाद सारी जिम्मेदारी माँ पर थी किन्तु उनका स्वास्थय ठीक न होने के कारण उनकी शिक्षिका की नौकरी छुडवानी पड़ी। हम तीनों बहने पढाई के साथ-साथ काम करके घर का खर्च चलाती है। लेकिन मेरी जन-सेवा की भावना को देखते हुए हमारी पार्टी (राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामानुज सिंह ने उसे साकार करने का अवसर दिया। उन्होंने आगे कहा की भारत के संविधान व उसके द्वारा प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करने वाले अधिकारियो के प्रति उनकी गहरी आस्था और विश्वास था। मैं सपने में भी नहीं सोच सकती थी की इतने उच्च पदों पर बैठे अधिकारी मेरे साथ छल करेंगे।
बहन मोनिका गौतम (दलित बेटी) ने कहा की 'मैं गाजियाबाद के मतदाताओं से अपील करती हूँ कि मेरे साथ हुए इस छल का उत्तर दें और मतदान के दिन नोटा (NOTA) का बटन दबाएं।

## महात्मा ज्योतिबा फुले के जन्मदिन पर रसिया दंगल के साथ मतदाता जागरूकता

### कलाकारों ने 26 अप्रैल को वोट डालने की अपील रसिया के माध्यम से की

**हिन्द आत्मा संवाददाता-मथुरा/**महात्मा ज्योतिबा फुले के 197 वे जन्मदिन पर गोकुल एवं औरंगाबाद में रसिया दंगल कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें महात्मा ज्योतिबा फुले के आदर्शों को अनुकरण करने के साथ गोकुल में हाथरस के कवि रामवीर सिंह ने मतदाता जागरूकता रसिया प्रस्तुत किया तथा समस्त दर्शकों को 26 अप्रैल को होने वाले मतदान में सत प्रतिशत भागीदारी की शपथ भी दिलाई । राज्य स्तरीय एवं वीवीपीएटी मास्टर ट्रेनर डॉ0 दीनदयाल ने सभी दर्शकों से सभी आवश्यक कार्यों को छोड़कर पहले मतदान करने की अपील की।
औरंगाबाद में भी सैनी समाज द्वारा आयोजित महात्मा ज्योतिबा फुले के कार्यक्रम में कलाकारों ने 26 अप्रैल को वोट डालने की अपील रसिया के माध्यम से की जिसको सभी दर्शकों ने स्वीकारा और समय से मतदान केंद्र पर पहुंचने का आश्वासन दिया। टक्कर के रसिया कार्यक्रम में दूसरी पार्टी द्वारा भी मतदान को प्राथमिकता से करने की अपील की।


## परिवार के साथ इंदौर से ऋषिकेश घूमने आया सेना का जवान गंगा में डूबा, नहीं लगा कोई सुराग



ऋषिकेश : ऋषिकेश में गंगा में पर्यटकों के डूबने के लगातार मामले सामने आ रहे हैं। शुक्रवार को भी परिजनों के साथ ऋषिकेश घूमने आया सेना का जवान गंगा में डूब गया। जवान राष्ट्रीय राइफल में तैनात है। वह शादी के बाद परिजनों के साथ घूमने ऋषिकेश आया था। जवान के डूबने की सूचना के बाद एसडीआरएफ की टीम गंगा में सर्च अभियान चलाया। लेकिन उसका कुछ सुराग नहीं लगा। रात होने के बाद एसडीआरएफ ने सर्च अभियान बंद कर दिया। शनिवार को दोबारा सर्च **अभियान चलाया जाएगा।**
एसडीआरएफ ढालवाला निरीक्षक कवींद्र सजवाण ने बताया कि मध्यप्रदेश के इंदौर के शुभम नगर, निवासी गौरव कुमार (25) पुत्र रामवीर तोमर अपनी पत्नी और अन्य परिजनों के साथ ऋषिकेश घूमने आया था। दोपहर दो बजे वह अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ थाना मुनिकीरेती क्षेत्र में सच्चाधाम घाट पर गंगा में नहाने लगा। इस दौरान वह नहाते हुए गंगा में काफी दूर तक चला गया। गंगा की तेज लहरों में फंसने के कारण वह ओझल हो गया।

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा की समीक्षा बैठक संपन्न

### एक सप्ताह का विशेष अभियान चलाकर नेशनल एवं स्टेट हाईवे पर अवैध कट को कराया जाये बंद







हिन्द आत्मा संवाददाता

**-सड़क दुर्घटनाओं का विश्लेषण कर दुर्घटनाओं को न्यूनतम स्तर पर लाने का करें प्रयास**
**-22 अप्रैल से 04 मई, 2024 तक विशेष अभियान चलाकर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जाये जागरूक**
**-सभी ट्रैक्टर व ट्राली में रिफ्लेक्टिव टेप अनिवार्य रूप से होना चाहिये लगा**
**-मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा की समीक्षा बैठक संपन्न**
**-सड़क पर चलने वाले प्रत्येक व्यक्ति का जीवन महत्वपूर्ण**
**-रिफ्लेक्टिव टेप लगा न होने पर सम्बन्धित से दोगुना चार्ज किया जाये वसूल**

**लखनऊः** प्रदेश के मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये चर्चा की गई। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि सड़क पर चलने वाले प्रत्येक व्यक्ति का जीवन महत्वपूर्ण है। सड़क दुर्घटना में व्यक्ति घायल, अपंग अथवा मृत्यु हो जाती है, जिसका प्रभाव उसके पूरे परिवार पर पड़ता है। यह एक संवेदनशील मुद्दा है, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये सम्बन्धित विभागों द्वारा प्रभावी कार्रवाई करनी होगी। गत वर्षों में हुई सड़क दुर्घटनाओं का विश्लेषण कर सड़क दुर्घटनाओं को न्यूनतम स्तर पर लाने का प्रयास करें। सड़क दुर्घटना में घायलों के लिये गोल्डेन ऑवर महत्वपूर्ण होता है। घायल व्यक्ति की जान बचाने के लिये गोल्डेन ऑवर में उसे समुचित इलाज दिलाने का प्रयास करें।
उन्होंने कहा कि लोक सभा चुनाव एवं वैवाहिक कार्यक्रम आदि होने के कारण लोगों का मूवमेंट बढ़ेगा। उन्होंने 22 अप्रैल से 04 मई, 2024 तक विशेष अभियान चलाकर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान शैक्षिक संस्थानों में सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के बारे में चर्चा की जाये। इसके अलावा पुलिस अधिकारी भी जाकर छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करें। आम नागरिकों को जागरूक करने के लिये बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी भी निकाली जा सकती है। उन्होंने कहा कि सभी ट्रैक्टर व ट्राली में रिफ्लेक्टिव टेप अनिवार्य रूप से लगा होना चाहिये। रिफ्लेक्टिव टेप लगा न होने पर सम्बन्धित से दोगुना चार्ज वसूल किया जाये। उन्होंने रिफ्लेक्टिव टेप लगाने के लिये वेण्डर को पेट्रोल पंप पर स्टॉल लगाने का सुझाव दिया, इससे वाहन चालक सुगमता से अपने वाहन में रिफ्लेक्टिव टेप लगवा सकेंगे। सड़क सुरक्षा नियमों पर आधारित फिल्म, जिंगल बेल आदि बनाकर तथा सोशल मीडिया, एसएमएस आदि विभिन्न प्रचार-प्रसार माध्यमों से आम नागरिकों के मध्य प्रसारित किया जाये। जिस समय, स्थान, मेला, पर्व या त्योहार पर सड़क दुर्घटनायें अधिक होती हैं, ऐसे समय में सड़क सुरक्षा के बारे में लोगों को विशेष तौर पर जागरूक करें और सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिये प्रभावी कार्रवाई करें। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये रोड सेफ्टी क्लब, रेड क्रास सोसाइटी, सिविल डिफेन्स जैसी स्वयंसेवी संस्थाओं को भी सहयोग लिया जाये। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि एक सप्ताह का विशेष अभियान चलाकर नेशनल एवं स्टेट हाईवे पर अवैध कट को बंद कराया जाये। अवैध कट बनाने वाले लोगों को चिन्हित कर एफआईआर दर्ज करायी जाये। उन्होंने कहा कि आम लोगों द्वारा हाईवे पर निर्मित फुट ओवर ब्रिज के उपयोग को बढ़ावा देने के लिये लोगों को शिक्षित करने पर जोर दिया। लोगों को अपने व्यवहार में परिवर्तन लाने के लिये फुट ओवर ब्रिज के समीप एक कि-एटिव बोर्ड लगवाने के लिये कहा, जिससे कि रोड क्रास करते समय लोग देखें कि उनके लिये समय ज्यादा महत्वपूर्ण है या उनका जीवन।
उन्होंने यह भी कहा कि लिंक रोड से हाईवे पर आते समय वाहनों की स्पीड नियंत्रित होनी चाहिये। वाहन की गति को नियंत्रित करने के लिये साइनेजज और स्पीड ब्रेकर बनवाये जायें। लिंक रोड से हाईवे की कनेक्टिविटी सर्विस लेन के माध्यम से हो। उन्होंने कहा कि चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर सम्बन्धित विभागों द्वारा की गई कार्यवाही की समीक्षा के लिये एक पोर्टल विकसित किया जाये, जिसमें सड़क दुर्घटनाओं के आधार पर चिन्हित ब्लैक स्पॉट को दर्ज किया जाये। ब्लैक स्पॉट चिन्हित होने के उपरान्त सम्बन्धित विभाग द्वारा उठाये गये अस्थाई व दीर्घकालिक सुधारात्मक कदमों को वीडियो अथवा फोटो सहित पोर्टल पर दर्ज कराने की व्यवस्था की जाये। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये ट्रैफिक पुलिस भी पूरी तरह एक्टिव रहे।
बैठक में प्रमुख सचिव परिवहन श्री एल0वेंकटेश्वर लू, प्रमुख सचिव नगर विकास श्री अमृत अभिजात, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा श्री महेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, प्रमुख सचिव लोक निर्माण श्री अजय चौहान, एडीजी ट्रैफिक श्री बी0डी0पॉलसन, परिवहन आयुक्त श्री चन्द्र भूषण सिंह सहित सम्बन्धित विभागों तथा नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

## ईवीएम का द्वितीय रेंडमाइजेशन की बैठक सम्पन्न



हिन्द आत्मा संवाददाता

गाजियाबाद। एनआईसी कार्यालय कलेक्ट्रेट परिसर में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अरुण कुमार सिन्हा की गरिमामय उपस्थिति एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में ईवीएम का द्वितीय रेंडमाइजेशन की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपस्थित प्रत्याशियों/प्रत्याशी प्रतिनिधियों एवं प्रभारी अधिकारी ईवीएम की मौजूदगी में रेंडमाइजेशन की बैठक सम्पन्न हुई। जिला सूचना-विज्ञान अधिकारी गाजियाबाद अजय कुमार तायल ने भारत निर्वाचन आयोग के सॉफ्टवेयर द्वारा विधानसभावार मुरादनगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद, लोनी और धौलाना रेंडमाइजेशन कराते हुए ईवीएम का आवंटन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रत्याशी/प्रतिनिधि के साथ- साथ ईवीएम के प्रभारी/सहप्रभारी मौजूद रहे।

# महिला शक्ति का अपमान करने वाली कांग्रेस का नामलेवा भी नहीं बचेगा, शक्ति स्वरूपा नारियाँ ही इस सनातन विरोधी पार्टी की औकात इस आम चुनाव में बात देंगी : गीता शाक्य प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा

### ग़ाज़ियाबाद महिला मोर्चा ने ठाना है अतुल जी को आठ लाख पार करना है : डॉ. उदिता त्यागी संयोजक महिला मोर्चा ग़ाज़ियाबाद



- आगामी कार्यकाल में महिलाओं को मिलेंगे अभूतपूर्व अवसर : वर्षा कौशिक क्षेत्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा
- महिला मोर्चा की प्रशंसा ट्वीट के माध्यम से मोदी जी ने की : संजीव शर्मा महानगर अध्यक्ष गाज़ियाबाद



हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** शुक्रवार को शहर मंडल में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा मंडल संवाद सम्मेलन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती गीता शाक्य, विशिष्ट अतिथि महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा वर्षा कौशिक, पूर्व मेयर आशा शर्मा, लोकसभा प्रभारी एवम महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती प्रज्ञा पाठक, महानगर उपाध्यक्ष श्रीमती रनिता सिंह, पूनम सिंह क्षेत्रीय मंत्री सिद्धि प्रधान, अंजना त्यागी, साक्षी नारंग, मीना भंडारी क्षेत्रीय मंत्री व मुरादनगर विधानसभा महिला सम्पर्क प्रमुख कविता सिरोही, पार्षद शीतल चौधरी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महिला मोर्चा प्रियंका पांडेय मंच पर उपस्थिति रहीं।

महानगर महामंत्री महिला मोर्चा भक्ती सिंह ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुश्री सुमन सिंह, विधानसभा महानगर से महानगर महामंत्री महिला मोर्चा रेनू चंदेला, महानगर उपाध्यक्ष महिला मोर्चा लवली कौर, महानगर उपाध्यक्ष महिला मोर्चा दीप्ति अरोड़ा, महानगर मंत्री मीना गांधी, महानगर मंत्री प्रमिला चौधरी, महानगर मंत्री सुषमा गंगवार, महानगर मंत्री सुमन सती, महानगर मीडिया प्रभारी महिला मोर्चा दीप्ति चौहान, महानगर सोशल मीडिया प्रभारी किरण सिंह, महानगर शोध प्रभारी करुणा सिसोदिया एवं कार्यक्रम की संयोजिका शिरोमणि त्यागी रहीं, कार्यक्रम में सभी मण्डल की बहनें सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रह कर इस कार्यक्रम को सफल बनाया रहीं।

## लाजपत राय महाविद्यालय, साहिबाबाद में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित

हिन्द आत्मा संवाददाता





**साहिबाबाद।** शुक्रवार को लाजपत राय महाविद्यालय, साहिबाबाद में मतदाता जागरूकता अभियान/भारत सरकार/उत्तर प्रदेश शासन/जिला प्रशासन, गाजियाबाद के निर्देश पर सेमिनार हॉल में आयोजित किया गया। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान के लिए छात्रों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी स्वीप, अभिनव गोपाल मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहे। अभिनव गोपाल ने मतदान का महत्व बताते हुए मतदाताओं को मतदान हेतु एवं अपने मतों का प्रयोग कर प्रयोग राष्ट्र के विकास में योगदान हेतु प्रेरित किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को सही उम्मीदवार का चुनाव करने हेतु जागरूक किया एवं मतदाता एम्बेसडर के रूप में नियुक्त किया। आयोजन में श्रीमती प्रज्ञा श्रीवास्तव डी.डी.ओ. गाजियाबाद, कुणाल मुद्गल, जिला समन्वयक, बालिका शिक्षा वर्ग, श्रीमती रुचि त्यागी, डॉ. पूनम शर्मा, डॉ. विनीता त्यागी, स्वीप समन्वयक गाजियाबाद, श्रीमती वाणी शर्मा, सुभाष गुप्ता आदि उपस्थित रहे तथा छात्र-छात्राओं को मतदान हेतु जागरूक बनाने के लिए उनका उद्बोधन किया। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर उदय प्रताप सिंह ने सभी अधिकारियों का महाविद्यालय एवं समस्त स्टाफ की ओर से स्वागत और अभिनंदन किया एवं विद्यार्थियों को अपने निवास मोहल्ले इत्यादि में मतदान हेतु जागरूक रहने का संदेश दिया। कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक, कविता पाठ, पोस्टर तथा स्लोगन के माध्यम से मतदान जागरूकता फैलाने का सफल प्रयास किया। कार्यक्रम में डॉ. सरिता शर्मा, निदेशक (स्व. वित्त पाठ्यक्रम) ने भी छात्रों को मातन के महत्व के विषय में अवगत कराया। उन्होंने छात्रों को आगामी चुनाव में बढकर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम समन्वयक, डॉक्टर नेहा गुप्ता, एनसीसी ऑफिसर, डॉ. विकास कुमार एनएस एस ऑफिसर, डॉ भावना गर्ग, डॉ. नीरज तिवारी, भावना शर्मा, डॉक्टर रीमा सोढ़ी, पूनम अरोड़ा, नमिता सिंह, नीरज रानी, डॉक्टर सपना, निडर सिंह, श्याम पांडे आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ अतुल गर्ग की जीत को बनाएगा ऐतिहासिक : पायलट राकेश त्यागी



हिन्द आत्मा संवाददाता

गुरुवार को शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ के वरिष्ठ सदस्यों ने गाजियाबाद भाजपा लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग से भेंट कर आगामी लोकसभा चुनाव के बारे में विस्तार से चर्चा की। प्रकोष्ठ के सदस्यों द्वारा आश्वासन दिया गया कि अतुल गर्ग की जीत को ऐतिहासिक जीत बनाने में शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ से जुड़ी सभी शिक्षण संस्थाओं का पूरा सहयोग रहेगा। सभी ने अतुल गर्ग के सामने उनके सम्मान और समर्थन हेतु एक सम्मेलन आयोजन हेतु उनसे समय देने का आग्रह किया। इस संदर्भ में महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि शीघ्र ही उक्त कार्यक्रम के बारे में निर्णय लेकर एक भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ के महानगर संयोजक व मदर इंडिया पब्लिक स्कूल के मैनेजर पायलट राकेश त्यागी, मुरादनगर विधानसभा के सह-संयोजक राजीव त्यागी मैनेजर एमपीएस पब्लिक स्कूल, योगेंद्र सिंह मैनेजर पूर्ण ज्ञानअंजलि पब्लिक स्कूल, वी.एम. त्यागी मैनेजर कोलंबिया इंस्टीट्यूट, साहिबाबाद विधानसभा सह-संयोजक व मैनेजर मिल्टन अकैडमी, रामेश्वर निर्वाण, आलोक गर्ग मैनेजर रामकृष्ण इंस्टीट्यूट, डॉ. पी. कुमार डायरेक्टर दीप मेमोरियल स्कूल, सुरेश सैनी डायरेक्टर सेंट एंड्रयूज पब्लिक स्कूल, देवेंद्र यादव डायरेक्टर एस.एस. इंटरनेशनल स्कूल, सुमित त्यागी मैनेजर सी.के. मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जे.पी. त्यागी मैनेजर प्रोग्रेसिव पब्लिक स्कूल आदि अनेक प्रतिष्ठित संस्थानों के संचालक गण उपस्थित रहे।

## 48 घंटे में ही देहरादून पब्लिक स्कूल प्रबंधन अपने वादों से मुकरा

### पुलिस प्रशासन की सख्ती और पेरेंट्स की एकता के आगे स्कूल प्रबंधन हुआ झुकने को मजबूर

हिन्द आत्मा संवाददाता



**गाजियाबाद।** संजय नगर के सेक्टर 23 स्थित नामी देहरदून पब्लिक स्कूल में आज अभिभावकों ने स्कूल प्रबंधन की वादा खिलाफी से अक्रोशित होकर जबरदस्त प्रदर्शन किया। स्कूल के अभिभावक अभिषेक श्रीवास्तव और सेवा राम त्यागी ने बताया कि स्थानीय पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में स्कूल प्रबंधन द्वारा 10 अप्रैल 2024 को लैटरहेड पर लिखित में देकर आश्वस्त किया गया था की आपके बच्चो को अब स्कूल की दूसरी ब्रांच नहीं भेजा जायेगा लेकिन जब ईद की छुट्टी के बाद बच्चे स्कूल पहुंचे तो स्कूल द्वारा बच्चों को भरी धूप में बस में बैठाकर मधुबन बापूधाम की ब्रांच में भेजने की तैयारी की जा रही थी। स्कूल प्रबंधन अपने लिखित वादे से मुकर गया जैसे ही ये सूचना हमें मिली हम सभी अभिभावक स्कूल पहुंच गए और जैसे ही हमने स्कूल की मनमानी के खिलाफ प्रदर्शन करना शुरू किया। स्थानीय चौकी इंचार्ज जिनके समक्ष हमें स्कूल द्वारा पत्र दिया गया था वो भी स्कूल पहुंच गए लेकिन उनकी भी बात स्कूल प्रबंधन मानने के लिए तैयार नहीं था। जिसके बाद गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन द्वारा ट्वीट के माध्यम से प्रकरण की जानकारी पुलिस आयुक्त, जिलाधिकारी सहित तमाम अधिकारियों तक पहुंचाई उसके बाद मधुबन बापूधाम के एसएचओ एवम महिला पुलिस स्कूल पहुंच गई और स्कूल प्रबंधन से सख्ती से बात करते हुए मुकदमा दर्ज करने की चेतावनी दी। जिसके बाद स्कूल को एक बार फिर झुकने को मजबूर होना पड़ा और स्कूल प्रबंधन ने लिखित में दिया की 20 अप्रैल तक हर हालत में स्कूल में निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा एवं 21अप्रैल तक ऑन लाइन क्लास संचालित की जाएगी उसके बाद 22 अप्रैल से सभी बच्चो को पढ़ाया जाएगा। अब देखना यह है की स्कूल प्रबंधन इस बार भी अपने वादे से मुकरता है या अडिग रहता है हालांकि पुलिस प्रशासन ने कहा कि इस बार स्कूल किसी भी तरीके की वादा खिलाफी करता है तो हम स्कूल प्रबंधन पर सीधा मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्यवाही करेंगे।

गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी का कहना है की स्कूल 48 घंटे में ही अपने वादे से पलटी मार गया है जो दिखाता है की निजी स्कूल अब केवल शिक्षा के व्यवसाय के केंद्र बन गए हैं अब समय आ गया है कि सरकारें इन लूट केंद्रों पर अंकुश लगाऐं। आज अभिभावकों की एकता और पुलिस प्रशासन की सख्ती के आगे एक बार फिर स्कूल झुकने को विवश हुआ है हम उम्मीद करते हैं की स्कूल अब अपने वादे से नहीं पलटेगा। अगर स्कूल वादा खिलाफी करता है तो बड़ी रणनीति बनाई जाएगी।

## डॉली शर्मा ने लिया अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. बी.डी. शर्मा से आशीर्वाद



हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** शुक्रवार को इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित बी.डी शर्मा से उनके राजनगर निवास पर मुलाकात कीं और अपने समाज का समर्थन मांगीं। इस पर उन्होंने ढेर सारा आशीर्वाद और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि तुम हमारे समाज की सियासी वर्तमान ही नहीं बल्कि समुज्ज्वल भविष्य हो। आज पूरा ब्राह्मण समाज तुम्हारे पीछे पिता और भाई बनकर खड़ा है। तुम्हारी जीत सुनिश्चित करने के लिए हमलोग योजना बद्ध तरीके से कार्य कर रहे हैं और अन्य समाज के लोगों को भी तुम्हारे साथ जोड़ने की पहल कर रहे हैं। इस पर डॉली शर्मा ने उनका आभार प्रकट किया।

## डोल्फिन प्ले स्कूल में चल रहा अवैध निर्माण कार्य रुकवाया



हिन्द आत्मा संवाददाता

**मोदीनगर।** कपड़ा मिल क्षेत्र स्थित डोल्फिन प्ले स्कूल मैं चलाया जा रहा अवैध निर्माण कार्य डॉ. के. एन. मोदी ग्रुप द्वारा रुकवा दिया गया।

मोदीनगर डॉ. के.एन. मोदी ग्रुप कंपनी सचिव तरुण जैन ने बताया कि म०न० ए-11, स्टाफ क्वाटर, पैट्रोल पम्प के सामने, निकट मोदी कपडा मिल एरिया, मोदीनगर मोदी स्पीनिंग एण्ड विविंग मिल्स कम्पनी लि० की सम्पत्ति है। नीरज गर्ग द्वारा अवैध रूप से कम्पनी के क्वाटर तथा उसकी ऊपरी मंजिल पर कब्जा करने के पस्चात उसमें अवैध निर्माण करते हुए 'डोल्फीन प्ले' नाम का स्कूल चलाया जा रहा है। जो कि पूर्ण रूप से अनैतिक एवं असंवैधानिक है। कम्पनी के अधिकारियों द्वारा इन्हे कई बार मना किया गया लेकिन अपनी मनमानी चलते हुए अवैध निर्माण अनवरत चालू रखा। उक्त की सूचना संबंधित पुलिस अधिकारीयों तथा जीडीए को भी दे दी गयी जिसके बाद अवैध निर्माण रोक दिया गया

## पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले 2 शातिर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



हिन्द आत्मा संवाददाता

मोदीनगर। मोदीनगर पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से विभिन्न बैंकों के बने 179 एटीएम कार्ड, 01 फेवीकोल की टयूब, 01 पेचकस, 01 मोटरसाइकिल व 4860 रूपए की नकदी बरामद की है। मोदीनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो लोगों को शक के आधार पर गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से विभिन्न बैंकों के 179 एटीएम कार्ड बरामद किए हैं। पकड़े गए दोनों आरोपी रूड़की और सहारनपुर के रहने वाले बताये जा रहे हैं। इससे पहले भी धोखाधड़ी के दर्जनों मामलों में जेल जा चुके हैं। दोनों शातिर बदमाशो ने अपने अपराध करने के तरीकों को बताया कि एटीएम में घुसकर पहले एटीएम मशीन में कार्ड लगाने की जगह फेवीकोल लगा देते है जिससे कार्ड मशीन में चिपक जाता था उसके बाद ग्राहक की मदद करने के बहाने एटीएम का पासवर्ड पता कर लिया जाता बाद में एटीएम कार्ड बदलकर कर घटना को अंजाम देते हुए एटीएम मशीन से पैसे निकालने जाते थे।

## कपिल चौधरी बने राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश उपाध्यक्ष

हिन्द आत्मा संवाददाता



**मोदीनगर।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्य सभा सांसद जयंत चौधरी के निर्देश पर युवा राष्ट्रीय लोकदल उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सिंह पटेल द्वारा कपिल चौधरी को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। कपिल चौधरी के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने की खुशी में उनके शुभचिंतकों एवं समर्थको ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर दी मुबारकबाद। मोदीनगर निवासी कपिल चौधरी को उनकी मेहनत और संगठन में कार्य कुशलता को देखते हुए राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद के निर्देश पर राष्ट्रीय लोकदल के युवा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र कुमार पटेल द्वारा मोदीनगर निवासी कपिल चौधरी को युवा प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। इस खुशी के मौके पर कपिल चौधरी के समर्थकों एवं रालोद नेताओं ने मिठाई खिलाते हुए एक दूसरे को बधाई देते हुए रालोद सुप्रीमो चौधरी जयंत सिंह का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से तेजपाल सिंह, चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी, बिट्टू खंजरपुर, अमित त्यागी, संजीत नेहरा, गौरव चिकारा, एडवोकेट प्रज्वल आदि ने खुशियां खुशियां मनाई।

# आपलोग यदि खोड़ा का समग्र विकास चाहते हैं तो मुझे वोट दें, हाथ का साथ निभाएं : डॉली शर्मा

हिन्द आत्मा संवाददाता







गाजियाबाद। शुक्रवार की शाम लोकसभा क्षेत्र (12) गाजियाबाद से इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत खोड़ा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इससे पहले वो आजाद विहार, वृहस्पतिवार बाजार रोड, श्री राम ट्रेडर्स के सामने और कालू यादव के स्कूल के समीप, खोड़ा पहुंचीं और वहां पर आयोजित हवन-पूजन कार्यक्रम में अपने परिजनों, पार्टीजनों व गठबंधन सहयोगियों के साथ शरीक हुईं। इस दौरान वहां उपस्थित सभी लोगों को उन्हें विजयी बनाने का संकल्प दिलवाया गया। ततपश्चात वहां आयोजित हवन में डॉली शर्मा के साथ समस्त पदाधिकारीगणों एवं क्षेत्र के सम्मानित नागरिकगणों ने अपनी अपनी आहूति दी।इसके बाद उन्होंने विधिवत अपने चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया और वहां पर उपस्थित लोगों को संबोधित किया। अपने संबोधन में खोड़ा वासियों की दुःखती हुई रग को दबाते हुए उन्होंने कहा कि आप लोगों को प्रतिदिन शुद्ध गंगाजल मिले, इसके लिए मैं सड़क से संसद तक संघर्ष करूंगी। उन्होंने कहा कि आपकी इस समस्या को मैं पिछले कई सालों से प्रिंट-टीवी-वेब मीडिया माध्यमों से उठाती आई हूं, लेकिन केंद्र व राज्य की बहरी-गूंगी सरकारों ने मेरी आवाज को अनसुना कर दिया। इसलिए आज आपसे वोट रूपी ताकत मांगने आई हूं, ताकि आपकी समस्याओं की अनदेखी होने पर उसको लेकर सड़क से संसद तक कोहराम मचा सकूं।

उन्होंने कहा कि खोड़ा का समग्र विकास हमारा ध्येय है। गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर और पूर्वी दिल्ली की सीमा से लगने वाले इस क्षेत्र का बड़ा हिस्सा हमारे गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र का अभिन्न अंग है। इसलिए यहां की सड़कें अच्छी हों, नालियां ठीक बने, स्वच्छता का हरवक्त ख्याल रखा जाए, यहां बुनियादी शिक्षा व जनस्वास्थ्य की व्यवस्था हो, सबको रोजगार मिले और बेरोजगारी दूर हो, यही हमारी इच्छा है। यह तभी पूरी हो पाएगी, जब आप अपना कीमती वोट देकर जिताएंगे। उन्होंने आगे कहा कि बढ़ती महंगाई, राहजनी, लूटमार से मेहनतकश वर्ग के लोग परेशान होते हैं। इसलिए इन्हें काबू में करना बहुत जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपने मोबाइल नम्बर पर मिस्डकॉल दिलवाईं और कांग्रेस की विभिन्न गारंटी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी देते हुए उनसे भरपूर मत समर्थन देने की जरूरत बताईं।

इस अवसर पर गठबंधन के अन्य पदाधिकारीगण ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज समाज से लेकर संविधान तक खतरे में है। इसलिए दोनों को बचाने के लिए हम सबों को एकजुट होना होगा। किसान, मजदूर, कारीगर, युवक और महिलाएं जब एकजुट हो जाएंगी तो तानाशाह की सरकार का अंत हो जाएगा और देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी, जो जनकल्याण कारी योजनाओं के मार्फत लोगों की भलाई करेगी।

इस मौके पर विनीत त्यागी, जिलाध्यक्ष, कांग्रेस; विजय चौधरी, महानगर अध्यक्ष, कांग्रेस; जनाब फैसल हुसैन, जिलाध्यक्ष, समाजवादी पार्टी; वीरेंद्र यादव, महानगर अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी; सचिन शर्मा, जिलाध्यक्ष, आम आदमी पार्टी; महेश आहूजा, जिलाध्यक्ष, शिवसेना, गाजियाबाद महानगर कॉंग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज, किसान कांग्रेस के सचिव सह राष्ट्रीय संयोजक अमित शर्मा, राजेश गुप्ता, खोड़ा नगर अध्यक्ष, कांग्रेस, महेश भारद्वाज, सुरेंद्र भारद्वाज, मनोज भारद्वाज, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष संगीता त्यागी के अलावा दर्जनों कार्यकर्ता और सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# चुनाव में व्यक्ति नहीं, मूल्यों की स्थापना का दौर चले



हिन्द आत्मा संवाददाता

**-ललित गर्ग-**

लोकसभा चुनावों की सरगर्मियां उग्र से उग्रतर होती जा रही है, पहली बार भ्रष्टाचार चुनावी मुद्दा बन रहा है, कुछ भ्रष्टाचार मिटाने की बात कर रहे हैं तो कुछ भ्रष्टाचारियों को बचाने की बात कर रहे हैं। मुसलमान वोटों की राजनीति करने वाले दल अपने घोषणा पत्रों में उनके कल्याण की कोई बात ही नहीं कर रहे हैं, मुसलमानों का सशक्तीकरण करने की बचाय उनके तुष्टीकरण को प्राथमिकता दी जा रही है। कुछ दल देश-विकास की बात कर रहे हैं तो कुछ दल विकास योजनाओं की छिछालेदार कर रहे हैं। किसी भी दल के चुनावी मुद्दे में पर्यावरण विकास की बात नहीं हैं। व्यक्ति नहीं, मूल्यों की स्थापना के स्वर कहीं भी सुनाई नहीं दे रहे हैं। सत्ता और स्वार्थ ने अपनी आकांक्षी योजनाओं को पूर्णता देने में नैतिक कायरता दिखाई है। केजरीवाल जेल से सरकार चलाने की बात करके नैतिक एवं राजनीतिक मूल्यों के आन्दोलन से सरकार बनाने के सच को ही बदनुमा बना दिया है। इसकी वजह से लोगों में विश्वास इस कदर उठ गया कि चौराहे पर खड़े आदमी को सही रास्ता दिखाने वाला भी झूठा-सा लगता है। आंखें उस चेहरे पर सचाई की साक्षी ढूंढती हैं। समस्याओं से लड़ने के लिये हमारी तैयारी पूरे मन से होनी चाहिए।

लोकतंत्र के महापर्व पर समझना चाहिए कि हमने जीने का सही अर्थ ही खो दिया है। यद्यपि बहुत कुछ उपलब्ध हुआ है। कितने ही नए रास्ते बने हैं। फिर भी किन्हीं दृष्टियों से हम भटक रहे हैं। भौतिक समृद्धि बटोरकर भी न जाने कितनी रिक्तताओं की पीड़ा सही है। गरीब अभाव से तड़पा है, अमीर अतृप्ति से। कहीं अतिभाव, कहीं अभाव। जीवन-वैषम्य कहां बांट पाया अपनों के बीच अपनापन। अट्टालिकाएं खड़ी हो रही हैं, बस्तियां बस रही हैं मगर आदमी उजड़ता जा रहा है। पूरे देश में मानवीय मूल्यों का ह्रास, राजनीति अपराध, भ्रष्टाचार, कालेधन की गर्मी, लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन, अन्याय, शोषण, संग्रह, झूठ, चोरी जैसे-अनैतिक अपराध पनपे हैं। धर्म, जाति, राजनीति-सत्ता और प्रांत के नाम पर नए संदर्भों में समस्याओं ने पंख फैलाये हैं। हर बार के चुनावों की तरह इस बार भी आप, हम सभी अपने आपको जीवन से जुड़ी अंतहीन समस्याओं के कटघरे में खड़ा पा रहे हैं। कहा नहीं जा सकता कि जनता की अदालत में कहां, कौन दोषी है? पर यह चिंतनीय प्रश्न अवश्य है हम इतने उदासीन एवं लापरवाह कैसे हो गये कि राजनीति को इतना आपराधिक होने दिया? जब आपके द्वार की सीढ़ियां मैली हैं तो अपने पड़ौसी की छत पर गन्दगी का उलाहना मत दीजिए। कोई भी अच्छी शुरूआत सबसे पहले स्वयं की की जानी जरूरी है। देश के लोकतंत्र को हांकने वाले लोग इतने बदहवास होकर निर्लज्जतापूर्ण कारनामे करेंगे, इसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। चौराहे पर खड़ा आदमी सब कुछ देख रहा है। उसे कुछ सूझ नहीं रहा कि वह कौन सी राह पकड़े। आम आदमी सरकार ने शराब-शिक्षा में घोटाले किए, दागी चिन्हित भी हुए लेकिन आप सरकार ने भ्रष्टाचार को लेकर दोहरे मापदंड अपना लिए। अपनों द्वारा किया गया भ्रष्टाचार कोई भ्रष्टाचार नहीं, राबर्ट वाड्रा के खिलाफ कुछ नजर नहीं आता और वे चुनाव लड़ने की बात करते हैं। बात केवल कांग्रेस की ही नहीं है, बात राजनीतिक आदर्शों की हैं। जिसकी वकालत करते हुए कभी अन्ना हजारे तो कभी बाबा रामदेव, कभी केजरीवाल तो कभी श्री रविशंकरजी जन-आन्दोलन की अगवाई करते देते थे, अब ना तो ऐसे आन्दोलन होते हैं न ही उन पर विश्वास रहा। हमारे भीतर नीति और निष्ठा के साथ गहरी जागृति की जरूरत है। नीतियां सिर्फ शब्दों में हो और निष्ठा पर संदेह की परतें पड़ने लगें तो भला उपलब्धियों का आंकड़ा वजनदार कैसे होगा? बिना जागती आंखों के सुरक्षा की साक्षी भी कैसी! एक वफादार चौकीदार अच्छा सपना देखने पर भी इसलिए मालिक द्वारा तत्काल हटा दिया जाता है कि पहरेदारी में सपनों का खयाल चोरी को खुला आमंत्रण है।








भाजपा जो हमेशा राजनीतिक शुचिता की बात करती रही, उसकी शुचिता कहां है? कितने दागी एवं अपराधी नेताओं को उसने अपने दल में जगह ही नहीं दी, टिकट तक दे दिया। हो सकता है 400 के बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिये भाजपा की कुछ मजबूरियां हो। कमल तो खिलेगा ही, लेकिन उस खिलाहट में मजबूरियों के नाम पर मूल्यों के साथ समझौता नहीं होता तो यह लोकतंत्र को स्वस्थ बनाने का एक अनूठा उदाहरण होता। श्रीमती इन्दिरा गांधी ने कभी कहा था कि व्यक्ति को अपने जन्म से नहीं बल्कि कर्म से पहचाना जाना चाहिए, यह वाक्य उनके पोते राहुल गांधी पर भी लागू हो रहा है। वे तमाम सुखों एवं सुविधाओं में पले-बढ़े और उन्होंने जीवन में कोई संघर्ष नहीं किया या ये कहें कि जीवन के लिए संघर्ष करने की उनके सामने कोई नौबत नहीं आई। कहते हैं - ह्लजा के पैर न परी बिवाई, वो क्या जाने पीर पराईह्व। जब आप लोगों की पीड़ा को उसी भाव से महसूस नहीं कर पाते तो दूसरों को आपकी बात पर भरोसा नहीं हो पाता। इस भरोसे को पाने के लिए उस पीड़ा को पहले खुद भुगतना होता है। यही वजह है कि राहुल गांधी सच्ची और ठीक बात कहते हैं तब भी लोग उसे उस सच्चाई के साथ, उस भाव में अंगीकार नहीं कर पाते। लोकतंत्र में राजनीतिक दलों का मौजूदा यह आचरण स्वीकार्य नहीं। पूरा राजनीतिक वातावरण ही हास्यास्पद हो चुका है। यदि हालात नहीं सुधरे तो राजनीतिक दलों की दुर्गति तय है। बदलती राजनीतिक सोच एवं व्यवस्था के मंच पर बिखरते मानवीय मूल्यों के बीच अपने आदर्शों को, उद्देश्यों को, सिद्धांतों को, परम्पराओं को और जीवनशैली को हम कोई ऐसा रंग न दे दें कि उससे उभरने वाली आकृतियां हमारी भावी पीढ़ी को सही रास्ता न दिखा सकें।

राजनीति का वह युग बीत चुका जब राजनीतिज्ञ आदर्शों पर चलते थे। आज हम राजनीतिक दलों की विभीषिका और उसकी अतियों से ग्रस्त होकर राष्ट्र के मूल्यों को भूल गए हैं। भारतीय राजनीति उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। चारों ओर भ्रम और मायाजाल का वातावरण है। भ्रष्टाचार और घोटालों के शोर और किस्म-किस्म के आरोपों के बीच देश ने अपनी नैतिक एवं चारित्रिक गरिमा को खोया है। मुद्दों की जगह अभद्र टिप्पणियों ने ली है। व्यक्तिगत रूप से छींटाकशी की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाठशाला के प्रधानाचार्य की तरह अपने दल के कार्यकताओं को पाठ पढ़ाया कि वह झूठे एवं बेबुनियाद आरोपों की परवाह किए बिना तेजी से काम करें। जबकि विपक्षी दलों की सारी की सारी कवायद में एक अनर्थ सच्चाई के ही दर्शन हुए क्योंकि जैसे केवल चेहरे बदलने से दामन के दाग नहीं धुल जाते, वैसे ही कुछ युवा चेहरों को सामने खड़ा करने से क्रांतिकारी सोच पैदा नहीं की जा सकती। भ्रष्टाचार के मुद्दे को व्यक्तिगत आरोपों की झड़ी लगाकर पृष्ठभूमि में डालने की कोशिश की जा रही है।

कई राजनीतिक दल तो पारिवारिक उत्थान और उन्नयन के लिये व्यावसायिक संगठन बन चुके हैं। सामाजिक एकता की बात कौन करता है। आज देश में भारतीय कोई नहीं नजर आ रहा क्योंकि उत्तर भारतीय, दक्षिण भारतीय, महाराष्ट्रीयन, पंजाबी, तमिल की पहचान भारतीयता पर हावी हो चुकी है। वोट बैंक की राजनीति ने सामाजिक व्यवस्था को क्षत-विक्षत करके रख दिया है। ऐसा लगता है कि सब चोर एक साथ शोर मचा रहे हैं और देश की जनता बोर हो चुकी हैं। हमें अतीत की भूलों को सुधारना और भविष्य के निर्माण में सावधानी से आगे कदमों को बढ़ाना। वर्तमान के हाथों में जीवन की संपूर्ण जिम्मेदारियां थमी हुई हैं। हो सकता है कि हम परिस्थितियों को न बदल सकें पर उनके प्रति अपना रूख बदलकर नया रास्ता तो अवश्य खोज सकते हैं। आने वाले नये राजनीतिक नेतृत्व का सबसे बड़ा संकल्प यही हो कि राष्ट्रहित में स्वार्थों से ऊपर उठकर काम करेंगे। राष्ट्र सर्वोपरि है और राष्ट्र सर्वोपरि रहेगा। व्यक्ति का क्या मूल और क्या विसात। विरोध नीतिगत होना चाहिए व्यक्तिगत नहीं। एक उन्नत एवं विकासशील भारत का निर्माण करने के लिये हमें व्यक्ति नहीं, मूल्यों एवं सिद्धान्तों को शक्तिशाली बनाना होगा।

## संपादकीय

## मोदी की गारंटी

मोदी की गारंटी कांग्रेस और राजद वाले इंडी गठबंधन को परेशान कर रही है और कांग्रेस टुकड़े-टुकड़े गैंग की भाषा बोल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष पर हमला करते हुए नवादा में ये बातें कही। अपने तीसरे कार्यकाल में कई और गारंटी आने की बात कहने वाले मोदी ने गांव की तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने व ड्रोन पायलट बनाने की योजना दोहराई। पीएम सूर्य पर चालू की गई अपनी मुफ्त बिजली योजना द्वारा गरीबों व मध्यवर्ग का बिजली बिल शून्य होने की बात भी की। मैं देशवासियों को मेहनत करने की गारंटी देता हूं, 24 घंटे काम करूंगा तो क्या यह गुनाह है। मोदी की नीयत साफ है, इसलिए गारंटी देता है, लेकिन अहंकार में डूबे इंडी गठबंधन वाले अपने को देश का स्थायी शासक समझने लगे हैं।



हालांकि मोदी के इस भाषण के बाद बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मोदी की गारंटी को चायनीज बताया। साथ ही कांग्रेस के खातों को बंद करने पर भी सवाल उठाया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने प्रक्रिया दी कि चुनाव परिणामोंके बाद मोदी को लंबी छुट्टी पर जाना पड़ेगा। कहने को तो इन आरोपों प्रत्यारोपों को चुनावी कहा जा सकता है। मगर यह हकीकत है कि मोदी सरकार अपने पिछले दोनों कार्यकालों की विभिन्न योजनाओं का प्रचार निरंतर करती है। मोदी ने खुद को किसी ब्रांड की तरह स्थापित ही नहीं किया है बल्कि इस प्रचार को लगातार गंभीरतापूर्वक प्रसारित भी किया जाता रहा है। मुफ्त योजनाओं के बल पर मतदाताओं को लुभाने का यह कोई नायाब तरीका नहीं है। साल दर साल इसमें इजाफा ही होता जा रहा है। शिक्षा, सेहत, रोजगार और पर्यावरण जैसी बुनियादी बातों की बजाए लोक-लुभावन वायदों के बल पर मतदाताओं को फौरी तौर पर प्रभावित करना लंबे समय के लिए बहुत अच्छा नहीं कहा जा सकता। निःसंदेह मोदी बगैर किसी अवकाश के लगातार काम करते हैं। साथ ही चौकन्ने रहते हैं और अपनी बातों से जनता को प्रभावित करने का गुर उन्हें भली-भांति आता है। जैसा कि राम मंदिर बनाने की बात दोहरा कर वे बार-बार अपने वायदे निभाने के अंदाज को दोहरा कर जनता को आस्त करते भी नजर आते हैं। यह तो आने वाला वक्त ही बताइगा कि उनके पिछले वायदों के भरोसे रहा मतदाता इन नये वायदों पर कितना विश्वास करता है।





स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक अशोक कौशिक द्वारा फाल्गुन बुक्स एंड प्रिन्टर्स, ए-1/185 स्वदेशी कॉम्पलैक्स, कविनगर इंडस्ट्रीयल एरिया, गाजियाबाद- 201001 से छपवाकर 308 अंसल सुमैधा बिल्डिंग, आर.डी.सी. राजनगर गाजियाबाद से प्रकाशित।

| | | |
|---|---|---|
| **सम्पादक** | : | **अशोक कौशिक** |
| **समाचार सम्पादक** | : | **राकेश शर्मा** |
| **कानूनी सलाहकार** | : | राजकुमार शर्मा, प्रदीप त्यागी, विकास त्यागी |
| मो. | : | 9810149213 |
| फोन | : | 0120-4113213 |
| E-mail | : | hindatma@gmail.com |

**सभी विवादों का न्याय क्षेत्र गाजियाबाद होगा।**

# शांतिपूर्ण धरना भी अब अपराध की श्रेणी में?



सनत जैन




भारत में शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन करना भी अपराध की श्रेणी में आ गया है? धरना प्रदर्शन के लिए यदि अनुमति मांगी जाती है। जिला और पुलिस प्रशासन आमतौर पर कानून व्यवस्था की स्थिति के नाम पर विरोध प्रदर्शन की अनुमति नहीं देता है। यदि दबाव में अनुमति दे भी दी, तो उसमें इस तरह की शर्तें लगा दी जाती हैं। जिसका पालन आयोजक के वश में ही नहीं रहता है। यदि प्रदर्शन सरकार और प्रशासन के खिलाफ हो रहा है। ऐसी स्थिति में प्रदर्शन करने की आमतौर पर अब अनुमति नहीं मिलती है। जिला प्रशासन द्वारा धारा 144 का उपयोग धरना प्रदर्शन को रोकने में अब बड़े पैमाने पर किया जाने लगा है। धारा 144 लगाकर विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं दी जा रही है। जो भारतीय नागरिकों के मूलभूत अधिकार को खत्म करने जैसा है। इसी तरह से पुलिस लोगों को गिरफ्तार कर लेती है। उन्हें गिरफ्तारी का कारण नहीं बताया जाता है। पुलिस द्वारा गिरफ्तारी का कारण पूछने पर उस पर सरकारी काम में अवरोध पैदा करने, तरह-तरह के आरोप लगाकर, पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज कर लेती है। कई मामलों में तो यह भी देखने में आया है। पुलिस बिना सूचना दिए चार्ज शीट अदालत में पेश कर देती है। धरना प्रदर्शन के मामलों में फरार घोषित कर दिया जाता है। न्यायालयों में कई वर्षों तक मुकदमा लंबित रहता है। कई वर्षों तक लोगों को न्यायालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं। हाल ही में चुनाव आयोग के सामने शांतिपूर्वक धरना दे रहे टीएमसी के सांसद डेरेक ओ ब्रायन और लगभग एक दर्जन लोगों को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया। दिल्ली पुलिस उन्हें घसीट कर बस तक ले गई। पुलिस उन्हें यह भी नहीं बता रही थी, दिल्ली पुलिस उन्हें क्यों हिरासत में ले रही है। वह अपनी बात रखने के लिए चुनाव आयोग के कार्यालय में आए थे। वह धरना देकर शांति पूर्वक विरोध दर्ज करा रहे थे। सांसद डेरेक का कहना था,दिल्ली पुलिस द्वारा उन्हें नौवीं बार हिरासत में लिया गया है। हम लोग शांतिपूर्ण ढंग से बैठे हुए थे। मीडिया से बात कर रहे थे। इसी बीच पुलिस आई और अपराधियों की तरह घसीट कर ले गई। यह सब कैमरे के सामने हो रहा था। इसके बाद भी पुलिस को कोई फर्क नहीं पड़ा। पुलिस गिरफ्तार करके उन्हें बसों से मंदिर मार्ग पुलिस स्टेशन के बाहर उन्हें काफी देर तक रखा। उसके बाद 2 घंटे तक वह बस में हम लोगों को घुमाते रहे। कहां ले जा रहे हैं, और किस अपराध में हिरासत में लिया है। यह भी पुलिस द्वारा नहीं बताया गया। लगभग 2 घंटे अवैध हिरासत में रखने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। सांसदों के साथ ऐसा व्यवहार किए जाने पर उन्होंने एतराज जताते हुए कहा, कानून के अनुसार सीआरपीसी की धारा 500(1) के तहत हिरासत में लिए जाने वाले व्यक्ति को गिरफ्तारी का कारण बताया जाना जरूरी होता है। लगभग 2 घंटे तक किसी को कुछ भी नहीं बताया गया। निकटतम पुलिस स्टेशन पर भी नहीं ले जाया गया। घंटो बस में घुमाने के बाद छोड़ दिया गया। भारत में कानून तो बना दिए जाते हैं। लेकिन कानून का पालन वही लोग नहीं करते हैं, जिनके ऊपर कानून के पालन कराने की जिम्मेदारी होती है। पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से धरना और प्रदर्शन की अनुमति देने में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन अड़ंगेबाजी लगता है। तरह-तरह की ऐसी शर्ते लाद देता है। जिनका पालन करना आयोजक के लिए संभव ही नहीं होता है। जिला प्रशासन को ऐसा लगता है, कि धरना प्रदर्शन नहीं होना चाहिए। ऐसी स्थिति में धारा 144 का दुरुपयोग बड़े पैमाने पर होने लगा है। शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान पुलिस की बर्बरता भी बड़ी आम हो गई है। जब पुलिस और जिला प्रशासन ही नियमों का पालन नहीं करते हैं। तब स्थिति और भी विकट हो जाती है। किसान आंदोलन के दौरान हरियाणा की पुलिस ने जिस तरह की बर्बरता किसानों के ऊपर की है। उसे सारे देश ने देखा है। शांतिपूर्ण प्रदर्शनों को किस तरह से रोका जाता है। किसानों के ऊपर जिस तरह से अश्रु गैस के गोले छोड़े गए। किसानों को रोकने के लिए जिस तरीके के अवरोध लगाए गए। दिल्ली प्रदर्शन के लिए जाने वाले किसानों को हरियाणा में ही रोक लिया गया। यह भी सारे देश ने देखा है। किसी भी लोकतांत्रिक देश में जहां मानव अधिकार और कानून का राज है। उन नियमों-कानूनों को तोड़ने का काम यदि पुलिस करने लगती है। इससे स्थिति खराब होती है। सीबीआई और ईडी जैसी जांच एजेंसियों के ऊपर भी इसी तरीके के आरोप लगने लगे हैं। गिरफ्तारी के बाद भी कई दिनों तक अवैध रूप से हिरासत में रखने के कई मामले सामने आ चुके हैं। कई दिनों बाद गिरफ्तारी बताने के बाद कोर्ट में पेश किया जाता है। पीएमएलए कानून, जो ड्रग माफिया और आतंकवादियों के लिए बनाया गया था। सरकार और जांच एजेंसी उस कानून का उपयोग विपक्षी दलों के खिलाफ किया जा रहा हैं। वर्षों विपक्षी दलों के नेताओं के खिलाफ कोई सबूत नहीं होने के बाद भी उन्हें जेलों में बंद करके रखा जा रहा है। इसकी तीव्र प्रतिक्रिया देखने को मिलने लगी है। आम जनता तो कई वर्षों से इस तरीके की प्रताड़ना को झेलती आ रही है। अब बड़े-बड़े राजनेता, संवैधानिक पदों पर बैठे हुए मंत्री, मुख्यमंत्री,सांसद और विधायक इस तरह की प्रताणना के शिकार हो रहे हैं। इसके बाद गैर कानूनी हिरासत में रखने के मामले में चिंता जाहिर की जा रही है। अति सर्वत्र वर्जयते की तर्ज पर जब बड़े-बड़े संवैधानिक पदों पर बैठे हुए लोग अवैध हिरासत के शिकार हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में आशा की जा सकती है। भविष्य में जिन लोगों के ऊपर कानूनो का पालन कराने की जिम्मेदारी दी गई है। उनको भी कानून के अनुसार जिम्मेदार बनाए जाने की दिशा में भविष्य में कोई ना कोई प्रयास जरूर राजनेता करेंगे। जो अधिकारी नियमों और कानून का पालन नहीं करते हैं। ऐसी स्थिति में उनकी जिम्मेदारी तय की जाए। उन्हें दंडित किया जाए, तभी जाकर स्थितियों में सुधार आ सकता है।

# कांग्रेस की कमजोर कड़ी हैं कौन है?



संजय गोस्वामी



कांग्रेस की कमजोर कड़ी श्री राहुल गाँधी जी हैं जो बार बार सुर्खियों में बना रहना चाहते हैं इसके कारण पार्टी 2गुटों में बंट गई राहुल गाँधी का बरबोलापन पढ़े लिखे लोगों को नहीं अच्छा लगता है कभी लोकतंत्र को लेकर विदेशों में अटपटा बोल देना कभी आरएसएस, और मोदीजी को चौकीदार चोर है और कभी सावरकर को लेकर गलत बोलना, और डंके की चोट पर ऐ सब बता देना और अधिकांश समय विदेशों में रहना और चुनाव के वक्त भारत का बार बार भ्रमण करना उनकी मजबूरी को दशार्ता है, भगवान राम के जन्मस्थान पर तो देश की आजादी के बाद ही निर्माण शुरू हो जाना चाहिए था। बिलकुल वैसे ही, जैसे सरदार वल्लभभाई पटेल के आदेश पर सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण किया गया था। बिंदल ने कहा कि आजादी के समय प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू ने भगवान राम मंदिर के निर्माण कराने को अवरुद्ध कर दिया था। उन्होंने राम मंदिर को लेकर लोगों का ध्यान भटकाया और इसे स्थगित कर दिया। बिंदल ने कहा कि नेहरू ने भगवान राम के अस्तित्व को चुनौती थी। उन्होंने कहा था कि राम सेतु मौजूद है या नहीं, इसको लेकर हलफनामा दायर किया था। मैं एक सेमिनार में शायद 2017 में मप्रएसएसआरआई, उज्जैन में स्व कृपलाणी जी के ऊपर एक सम्मलेन में गया था वहाँ व्यक्तिगत संबाद में कांग्रेस की हार की वजहों का विश्लेषण कर बड़े बड़े विद्वान ने बताया की कांग्रेस की हार की सबसे बड़ी वजह राहुल गाँधी के कारण है जिसे बहुत से शिक्षाविद नहीं चाहते है और शायद यही सबसे बड़ी वजह हो लोग ऐ आकड़ा भी प्रस्तुत किये जिसमें यदि राहुल की जगह स्व प्रणव मुखर्जी जैसे नेता हों तो शायद एक अच्छा जनाधार मिल सकता है इसके वजह से उसके अंदर ही कलह राहुल गांधी ने पीएम मोदी और केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोलना है, उनका कहना कि मेरा काम नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने का और लोगों को जोड़ने का है, ऐ लोग अब सुन कर ऊब गए हैं कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने समाचार एजेंसी एएनआई से कहा, राम मंदिर और भगवान राम सबके हैं, राम मंदिर को बीजेपी, आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद या बजरंग दल का मान लेना दुर्भाग्य की बात है।इसके बाद वो खुद राम लला के दर्शन करने अयोध्या गए बाद में पार्टी विरोधी गतिविधि के कारण उन्हें 6साल के लिए पार्टी से निकाल दिया गया और इधर संजय निरुपम को भी मुंबई से सीट ना देने के कारण बोलें तो निकाल दिया गया कांग्रेस हिंदू विरोधी या राम विरोधी पार्टी है या नहीं इसमें सभी नेताओं की अलग अलग राय है। इस फैसले से करोड़ों कार्यकताओं का भी दिल टूटा है। उन कार्यकताओं का जिनकी आस्था भगवान राम में है।कांग्रेस वो पार्टी है जिसके नेता राजीव गांधी ने ही राम मंदिर का शिलान्यास कराया और मंदिर के ताले तुड़वाने का काम किया था। लेकिन प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को स्वीकार न करना बहुत दुखद है।भगवान श्री राम के राम मंदिर पहले ही बन जाना चाहिए था लेकिन राजनीति के कारण इसे कांग्रेस ने गड्डे में धकेल दिया लेकिन राम में इतना शक्ति है कि वो अपने भक्तों को हमेशा ख्याल रखते है पहले कारसेवक कोठरी बंधु के नाम पर जो हँसते थे वो शांत होकर मौनब्रत धारण कर लिया लेकिन आज दुनिया उनके कार्य पर गर्व करती है और यही हर भारतीय के मन में भगवान श्री राम के प्रति हो वो तो मंदिर के नाम सुनते ही निकल गए भारत यात्रा पर ताकि इस मुद्दे से ध्यान भटकाया जाय कांग्रेस को इसीलिए 50सीटो पर ही सिमट गई थे रामभक्त कभी नहीं मर सकता है यदि संसार से गया भी तो प्रभु के शरण में। अतः भगवान श्री राम के बारे में गलत बयान देना या उससे किनारा करना सनातन का अपमान है क्योंकि कांग्रेस अब राज्यों के पार्टियों पर निर्भर है अब तो समाजवादी पार्टी भी साथ आ गई है जिसने कार सेवकों पर गोली चलवा दी लेकिन भगवान राम का सेवक किसी पर निर्भर नहीं है सबके हैं और हर जगह हैं। इसे उसे समझना चाहिए क्योंकि ऐ पार्टी के हित में है पहले जो भी प्रधानमंत्री हुए उनका एक राजनैतिक कैरियर था कभी अपने को ऊँचा दिखाने के लिए बच्चों का सहारा नहीं लिया अपने कार्य व जनता का अपार स्नेह से बने या तो पहले मंत्री पद संभाला या राज्यों के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया इस पर शांति से सोचने की जरुरत है।

# पीलीभीत में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने किया चुनाव प्रचार

## जितिन प्रसाद के लिए मांगे वोट



हिन्द आत्मा संवाददाता

**पीलीभीत :** भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव के लिए लगातार जनसभाएं और कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने पीलीभीत में भाजपा ओबीसी मोर्चा द्वारा आयोजित सामाजिक सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होकर लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप भी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दोनों ही भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने पीलीभीत लोकसभा सीट से प्रत्याशी जितिन प्रसाद के लिए वोट मांगने का काम किया। साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं और जनता से अपील की है कि जितिन प्रसाद को भारी मतों से विजई बनाकर देश की संसद में भेजा जाएगा। इस दौरान उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि एक समय था, जब उत्तर प्रदेश में अपराधियों का बोलबाला था लेकिन अब कानून व्यवस्था की स्थिति बहुत दुरुस्त हो गई है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश में विजन लेकर आए हैं उसपर उत्तर प्रदेश सरकार सफल होने का काम कर रही है। उत्तर प्रदेश में आज हाई स्टैंडर्ड के एक्सप्रेसवे , अस्पताल और विद्यालय खुल रहे हैं। यह सभी के लिए बहुत खुशी की बात है। वही उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी का ओबीसी मोर्चा इस बार लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को पार्टी के प्रति जिस तरीके से जागरूक कर रहा है, उसका नतीजा भारतीय जनता पार्टी यूपी में 80 की 80 सीट जीतकर आएगी।

**उत्तर प्रदेश बन गया है उत्तम प्रदेश : नरेंद्र कश्यप**

पीलीभीत में भाजपा ओबीसी मोर्चा द्वारा आयोजित सामाजिक सम्मेलन में उपस्थित उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री ने न सिर्फ कार्यकताओं को संबोधित किया बल्कि पीलीभीत लोकसभा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के लिए भी वोट मांगे और उनको भारी मतों से विजई दिलाने के लिए लोगों से अपील की है। वहीं भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में जितिन प्रसाद को वोट करें और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार का आंकड़ा चार सौ से ऊपर पहुंचने में मदद करें।





**डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप का हुआ भव्य स्वागत**

पीलीभीत में भाजपा ओबीसी मोर्चा द्वारा आयोजित सामाजिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य शामिल हुए, तो वहीं उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप भी मौजूद रहे। इस दौरान जितिन प्रसाद के लिए चुनावी कार्यक्रम से पूर्व दोनों ही भाजपा नेताओं का कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया। इस दौरान मंत्री नरेंद्र कश्यप ने सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का आभार भी व्यक्त किया है।

**बोले डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य रिकॉर्ड मतों से जीतेंगे हम**

पीलीभीत में बोलते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की जीत इस बार रिकॉर्ड मतों से होगी। हम प्रदेश की सभी सीटों पर विजय हासिल करने के साथ ही केंद्र में भी पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएंगे। इसके साथ ही पार्टी के सभी पदाधिकारी पूरी तरीके से ऊर्जा के साथ काम में लगे हुए हैं।

# देश का नाम बदलने की नमह की याचिका पर गृह मंत्रालय ने शुरू किया काम,गृह मंत्रालय ने नमह से सुप्रीम कोर्ट में लगाई याचिका की कॉपी मांगी

हिन्द आत्मा संवाददाता





**गाजियाबाद।** जिले में लोकसभा चुनाव रंग पकड़ता जा रहा है। गाजियबाद लोकसभा सीट से चुनावी समर में उतरे समाज विकास क्रांति पार्टी के प्रत्याशी नमह को शोरान खाप पंचात का समर्थन प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही नमह ने इंडिया का नाम भारत करने के लिए जो याचिका सुप्रीम कोर्ट में लगाई थी, उसके क्रियान्वयन के लिए लगाई गई आरटीआई के तहत गृह मंत्रालय ने याचिका की कॉपी मांगी है, जो नमह की ओर से उपलब्ध करवा दी गई है। समाज विकास क्रांति पार्टी से गाजियाबाद लोकसभा प्रत्याशी नमह क्षेत्र में लगातार चुनाव प्रचार में जुटे हैं। उन्हें समाज के सभी वर्गों से समर्थन मिल रहा है। शोरान खाप पंचायत के चौधरी बाबा परविंदर आर्य ने नमह के चुनाव कार्यालय पहुंचकर उन्हें खाप पंचायत की ओर से समर्थन दिया। बाबा परविंदर आर्य ने कहा कि नमह का चुनाव चिन्ह गन्ना किसान है, यह चुनाव चिन्ह किसानों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि नमह किसानों की लड़ाई लड़ रहे हैं और उनकी लड़ाई से किसानों को बहुत उम्मीदें हैं। नमह संसद में पहुंचकर किसानों के लिए नीति और कानून बनवाने का काम करेंगे। बाब परविंदर आर्य ने कहा कि शोरान खाप पंचायच की ओर से नमह को पूर्ण समर्थन है और उन्होंने किसानों से नमह के पक्ष में मतदान की भी अपील की। बाबा परविंदर ने यह भी कहा कि नमह की ओर सुप्रीम कोर्ट में लगाई गई याचिका के कारण ही देश का नाम अब इंडिया की जगह भारत लिखा जा रहा है। कई सरकारी दस्तावेजों में भी अब देश का नाम बदल रहा है। देशवासियों को यह गौरव दिलवाने का काम नमह ने किया है। उनकी याचिका के चलते ही देश को अंग्रेजों के दिए गए नाम इंडिया से निजात मिल रही है और देश का गौरवपूर्ण नाम भारत लिखा जा रहा है। दूसरी ओर, नमह की ओर से सुप्रीम कोर्ट में देश का नाम इंडिया से बदलकर भारत किए जाने की जो याचिका दायर की गई थी, उसे सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय को भेज दिया था। जिसके बाद जी-20 सम्मेलन के दौरान सभी मेहमानों को भारत की ओर से भेजे गए निमंत्रण पत्र पर प्रेजीडेंट ऑफ इंडिया की जगह प्रेजिडेंट ऑफ भारत लिखा गया था। नमह का कहना है कि यह उनकी ओर से लगाई गई याचिका के जरिए ही हो सका था। याचिका को लेकर केंद्र सरकार और क्या कार्रवाई कर रही है, इसकी जानकारी के लिए उन्होंने आरटीआई लगाई थी, जिसके जवाब में गृह मंत्रालय ने उनसे सुप्रीम कोर्ट में लगाई गई याचिका की कॉपी मांगी है। नमह का कहना है कि उन्होंने गृह मंत्रालय को कॉपी उपलब्ध करवा दी है। नमह का कहना कि गृह मंत्रालय की ओर से उनकी याचिका पर काम किया जा रहा है, जिससे देश का नाम इंडिया से पूरी तरह से बदलकर भारत किया जा सकेगा। यह उनकी जीत के संकेत हैं। इससे उनका जनाधार और ज्यादा बढ़ेगा।

# मेरठ रोड़ पर बनाए जा रहे नाले के मानचित्र व मौके पर हो रहे निर्माणकार्य का संज्ञान लिए जाने हेतु महापौर सुनीता दयाल को दिया ज्ञापन

**महापौर ने विषय की गम्भीरता को समझते हुए मुख्य अभियंता से मौका मुआयना करने के निर्देश दिए**





हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय महासचिव अरुण चौधरी भुल्लन व उजागर फाऊंडेशन के महासचिव सचिन सोनी ने महापौर सुनीता दयाल को दिए पत्र में बताया कि आपकी जानकारी में होगा कि मेरठ रोड़ पर पटेल नगर की साईड में एक बड़े नाले का निर्माण किया जा रहा है। नाले निर्माण कार्य हमें जो महसूस हुआ उससे आपको को अवगत कराना अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझते हैं जिससे कि भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचा जा सके,नाले निर्माण कार्य की ड्रॉइंग व निर्माण में भिन्नता महसूस हुई इतना ही नहीं नाले में कई कर्व (मोड़) व नाले में जहां पाईप डाले गए है वहां पाईप के अतिरिक्त भी निर्माण किया गया है। जिससे नाला चालू होने पर पीछे से आने वाले तेज पानी को आगे जाने का रास्ता न मिलने पर नाले का उतना लाभ शहर की जनता को नही मिल पाएगा जितने के उद्देश्य से नाले का निर्माण कराया जा रहा है। पत्र के माध्यम से अनुरोध है कि मेरठ रोड़ पर हो रहे नाले निर्माण की जाँच निजी स्तर से कराने की कृपा करें जिससे कि भविष्य में होने वाली किसी भी समस्या का निपटारा समय से किया जा सके।

विषय की गम्भीरता को समझते हुए महापौर सुनीता दयाल ने मुख्य अभियंता एन.के चौधरी से नाले निर्माण का निरक्षण कर जाँच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए इस अवसर पर उनके साथ गौरव क्रोतिया व रजत धीमान साथ रहे।

# खालसा पंथ के 325 वर्ष पूरे होने पर बिदर(कर्नाटक) में सरदार एस पी सिंह का हुआ सम्मान वैसाखी की दी बधाई

हिन्द आत्मा संवाददाता

**बिदर (कर्नाटक)/गाज़ियाबाद।** खालसा पंथ के 325 वर्ष पूरे होने पर वैसाखी की पूर्व संध्या पर गुरुद्वारा नानक झीरा, बिदर पहुँचे, अल्पसंख्यक आयोग उ० प्र० के पूर्व सदस्य सरदार एसपी सिंह का गुरुद्वारा व गुरु नानक कालेज मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष सरदार बलबीर सिंह ने सरोपा व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसपी सिंह ने कहा कि दसवें गुरू साहिब गुरु गोबिन्द सिंह जी ने 1699 में वैसाखी वाले दिन ही मानवता की सेवा व रक्षा के लिये पाँच प्यारों को अमृत छका कर व उन्हें सिंह सजा कर खालसा पंथ की साजना की गई थी, फिर उन्हीं पाँच प्यारों से स्वंय अमृत छक कर सिंह सजे थे। सरदार बलबीर सिंह ने बताया कि पाँच प्यारों में से एक साहिब सिंह जी बिदर के ही रहने वाले थे और उनकी याद में एक बड़ा गुरुद्वारा यहाँ स्थापित है। यहाँ पर यात्रियों के विश्राम के लिए



लगभग 550 कमरे बने हुए हैं। छात्रों को उच्च व तकनीकी शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से चल रहे कालिजों में बीएड, मैनेजमेंट, डिग्री व इन्जीनियरिंग के दस हजार छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। सरदार एसपी सिंह ने सभी को वैसाखी की बधाई देते हुए मानवता की सेवा व रक्षा के लिये गुरु गोविंद सिंह जी के बताए मार्ग पर चलने का अनुरोध किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने आगंतुक पुस्तिका में मैनेजमेंट कमेटी द्वारा पंथ व मानवता की सेवा के लिए किये जा रहे प्रयासों की सराहना भी की गई। इस अवसर पर प्रदीप सिंह, पुनीत सिंह, सतनाम कौर, इसमीत कौर व मेहर आदि उपस्थित रहे।

# सीयूईटी परीक्षा में 62% आवेदकों (करीब 8.35 लाख) ने भरा 'जनरल टेस्ट' का ऑप्शन : राहुल गोयल

हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित सीयूईटी परीक्षा में 13 विषयों की परीक्षा पहली बार पेन-पेपर मोड में आयोजित की जाएगी व बाकी विषय पहले की तरह ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित होंगे। सीयूईटी यूजी 2024 के लिए 13 लाख 47 हजार छात्रों ने आवेदन किया है जिन्हे 200 से ज्यादा विश्वविद्यालयों में आवेदन का मौका मिलेगा। इस बार आवेदन करने वाले छात्रों में रिकॉर्ड स्तर पर करीब 8.35 लाख छात्रों द्वारा 'जनरल टेस्ट ऑप्शन' को प्राथमिकता दी गयी है जिसमे करंट अफेयर्स, सामान्य मानसिक क्षमता (लॉजिकल रीजनिंग), सामान्य ज्ञान (जनरल स्टडीज), संख्यात्मक क्षमता (मैथमेटिक्स), मात्रात्मक तर्क एवं तार्किक (रीजनिंग) और विश्लेषणात्मक तर्क जैसे विषयो से प्रश्न पूछे जाते हैं।

आईएमएस कोचिंग गाजियाबाद के डायरेक्टर एवं वरिष्ठ करियर काउंसलर राहुल गोयल ने बताया कि इतने बड़े स्तर पर छात्रों द्वारा 'जनरल टेस्ट ऑप्शन' को चुने जाने का अर्थ है कि छात्र अब परंपरागत विषयो से साथ साथ नए विषयो में भी जाना चाहते हैं जिससे आगे उन्हें भविष्य में नए अवसर मिल सके इसके अलावा उन्होंने बताया कि सीयूईटी यूजी परीक्षा में बहुविकल्पीय प्रकार के सवाल



पूछे जाएंगे। हर सही जवाब के लिए 5 नंबर दिए जाते हैं जबकि प्रत्येक गलत जवाब के लिए 1 अंक काटा जाएगा। रिपोर्ट्स के अनुसार एग्जाम पैटर्न व सिलेबस पिछली बार की ही तरह होगा व उसमें कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।

# समीपवर्ती ग्रामों के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना हमारा उद्देश्य : एनटीपीसी दादरी

हिन्द आत्मा संवाददाता

**दादरी।** भारत सरकार द्वारा जारी सीएसआर/सीडी के नीति के अन्तर्गत युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं उनके कौशल वृद्धि हेतु रोजगारपरक व्यावसायिक शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है। युवाओं को आत्मनिर्भर एवं कौशल वृद्धि की दृष्टि से एनटीपीसी ने प्रभावित ग्रामों के बेरोजगार युवकों के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु निर्माण उद्योग विकास परिषद (सीआईडीसी) धौलाना के साथ अनुबंध किया।





एनटीपीसी दादरी के प्रभावित गांवो के बच्चो को चिन्हित कर निंमाण उधोग विकास परिषद धौलाना शाखा को तीन महीने की स्किल प्रशिक्षण हेतु सौपा था जिसका शुभारंभ दिनांक 12.04.2024 को धौलाना स्थित निंमाण उधोग विकास परिषद में किया गया। कार्यक्रम में को एनटीपीसी दादरी से विल्सन अब्राहम, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने सीआईडीसी में भर्ती अन्य छात्रों से वार्ता की और उनका उत्साह वर्धन किया। श्री अब्राहम ने अपने संबोधन में छात्रों से अपेक्षा करते हुए कहा कि छात्रों को सीआईडीसी द्वारा कराये गये प्रशिक्षण का पूर्ण लाभ उठाना चाहिए और अपने आप को रोजगार परक और सक्षम बनने की कोशिश जारी रखनी चाहिए।

इस कार्यक्रम द्वारा 50 बचों को तीन माह के पाठयक्रम में साईट अकाउंटेंट कम आफिस असिस्टेंट, जनरल वर्ग सुपरवाइजर और इलेक्ट्रीशियन की प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करे हुए छात्रों को उनकी योग्यता के हिसाब से विभिन्न कंपनीयों में रोजगार भी दिलाया जाएगा। कार्यक्रम में वीके गर्ग, अपर महाप्रबंधक (पी एण्ड एस), ऐके घिल्डियाल, एसोसिएट (मानव संसाधन) एवं स-श्री निधि मेहरा, कार्यपालक (सीएस-।आर) उपस्थित रहे।

# लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 का द्वितीय प्रशिक्षण बीएसए कॉलेज स्थित वाणिज्य विभाग नवीन भवन मथुरा में दिनांक 18 से 20 अप्रैल 2024 तक होगा

हिन्द आत्मा संवाददाता

**मथुरा ।** सचिव एमवीडीए/प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 अरविन्द कुमार द्विवेदी ने अवगत कराया है कि जनपद मथुरा में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को विधिवत, समयबद्ध, स्वतंत्र, निश्पक्ष एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराये जाने हेतु समस्त पोलिंग पार्टियों को द्वितीय प्रशिक्षण सत्र दिनांक 16 अप्रैल, 18 अप्रैल से 20 अप्रैल 2024 तक दो पालियों में पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक तथा अपरान्ह 02 बजे से सांय 05 बजे तक बीएसए कॉलेज स्थित वाणिज्य विभाग नवीन भवन मथुरा में दिया जायेगा।

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत बी०एल०ओ० घर-घर जाकर करेंगे मतदाता सूचना पर्ची वितरित

हिन्द आत्मा संवाददाता

गाजियाबाद। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, 56-गाजियाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र/नगर मजिस्ट्रेट गाजियाबाद ने जानकार देते हुए बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में संबंधित बी०एल०ओ० द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदाता सूचना पर्ची एवं वोटर गाईड उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। उक्त निर्देशों के क्रम में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 56-गाजियाबाद में बी०एल०ओ० द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूचना पर्ची एवं वोटर गाईड का वितरण किया जा रहा है। उक्त के क्रम में आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप अपने स्तर से विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 56-गाजियाबाद में बी०एल०ओ० द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूचना पर्ची वितरण की क्रास चौकिंग करा लें। यदि किसी की मतदाता सूचना पर्ची प्राप्त नहीं होती है तो वह सम्बन्धित बी०एल०ओ०/सुपरवाईजर से सम्पर्क कर पर्ची प्राप्त कर सकता है। यदि फिर भी कोई समस्या आ रही है तो संबंधित तहसील गाजियाबाद में स्थापित निर्वाचन कंट्रोल सेंटर के दूरभाष नंबर 0120-2827365 अथवा 8800816717 पर कॉल करके अथवा व्हाट्सएप्प के माध्यम से अपनी शिकायत का निस्तारण करा सकते हैं।

# लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान जागरूकता हेतु वाल पेंटिग कार्यक्रम में शहर के जाने माने स्कूलों ने हिस्सा लिया



हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान जागरूकता हेतु वाल पेंटिग कार्यक्रम में शहर के जाने माने स्कूलों जिनमें डी.पी.एस., डी.पी.एस. (जी), उत्तम, सलवान, गुरुकुल, ठाकुर द्वारा बालिका व जे. के.जी. इंटरनेशनल विजय नगर के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा श्रीमति स्वाति दहिया, अध्यापिका जे.के.जी. को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया।

# धूमधाम से मनाया रुद्राक्ष चौधरी का दूसरा जन्मदिन



हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** महानगर के क्रॉसिंग रिपब्लिक की महागुण मैस्कॉट सोसाइटी में रुद्राक्ष चौधरी का दूसरा जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान दादा अमरपाल सिंह, दादी रीता चौधरी, पिता अभय चौधरी व माता शिवानी और प्रवीण कुमार ने रुद्राक्ष चौधरी के दूसरे जन्मदिन पर केक काटकर रुद्राक्ष के दीघार्यु होने और उज्जवल भविष्य की कामना की।

रुद्राक्ष के जन्मदिन के अवसर पर गुलमोहर एनक्लेव सोसाइटी के अध्यक्ष मनवीर चौधरी, ललिता चौधरी, गौरव बंसल, एके जैन, सुरेंद्र सिंह राजपूत, रविंद्र रिहानी, जज एबी सिंह, आरके सिंह, सतीश चोपड़ा, यश चौधरी, दिनेश यादव, वरिष्ठ पत्रकार अमित शर्मा, ऋषभ भारद्वाज, पिंटू तोमर, ज्योति चौधरी सहित सैकड़ों लोग भी उपस्थित रहे। सभी मौजूद लोगों ने रुद्राक्ष चौधरी को उपहार भेंट किये। सभी लोगों ने रुदाक्ष के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दीं।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, गाजियाबाद के अधीन रिटेल लोन पॉइंट गाजियाबाद के नए परिसर का उदघाटन



हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबाद।** क्षेत्रीय कार्यालय, गाजियाबाद के अधीन नेहरु नगर में रिटेल लोन पॉइंट (फ्छढ), गाजियाबाद के नए परिसर का उदघाटन कबीर भट्टाचार्य, मुख्य महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, दिल्ली के कर कमलो द्वारा किया गया। इस अवसर पर अंचल प्रमुख शकबीर भट्टाचार्य ने दिल्ली अंचल में कारोबार की अपर संभावनाओ को ध्यान में रखते हुए सभी स्टाफ सदस्यों को संबोधित करते हुए ग्राहक संतुष्टि के साथ निर्बाध, सहज एवं सरल प्रक्रिया के साथ त्वरित ऋण वितरण करने के साथ बैंक के कारोबार में वृधि करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर क्षेत्र प्रमुख, गाजियाबाद राजेश कुमार सिंह, उप क्षेत्र प्रमुख, गाजियाबाद आशुतोष कुमार, सुशील कुमार एवं संदीप कुमार और रिटेल लोन पॉइंट प्रमुख उपेंद्र राय सहित बैंक स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



# सार्वजनिक सूचना

जनसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदक/आवेदकों ने नीचे सारणी के स्तम्भ-3 में उल्लिखित सम्पत्ति, जो प्राधिकरण की आवासीय/वाणिज्यिक/किराये की/नजूल इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट योजना के अन्तर्गत स्थित है, का अंतरण/नामांतरण अपने नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है:-

| क्र0 सं0 | मूल आवंटी/पट्टाधारक स्वामी का नाम | भूखण्ड/भवन/फ्लैट संख्या | योजना का नाम | आवेदक का नाम (पिता का नाम सहित) | आवेदक का पता एवं दूरभाष संख्या | नामान्तरण का आधार | पट्टाधृत/पूर्ण स्वामित्व युक्त सम्पत्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | श्री ओम प्रकाश पुत्र श्री ताराचन्द | दुकान संख्या-10 | साईट 3, तुलसी निकेतन गाजियाबाद | श्री अक्षय सनोत्र पुत्र स्व. श्री ओम प्रकाश | निवासी-डब्लूजेड 53 ए, शारदापुरी, रमेश नगर, वेस्ट दिल्ली-110015 मो.-9310510540 | आवंटी की मृत्यु दिनांक 09.10.2012 को हो जाने के उपरान्त | पट्टाधृत सम्पत्ति |

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त दुकान/क्योस्क/भूखण्ड/भवन/फ्लैट के अन्तरण/नामान्तरण के विरूद्ध कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्तियां सहायक दस्तावेजों सहित इस नोटिस के प्रकाशित किये जाने के दिनांक से 30 दिन के भीतर सचिव, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को प्रस्तुत कर सकता/सकती है, अन्यथा स्तम्भ-5 में अंकित व्यक्ति के नाम से सम्पत्ति का अंतरण/नामांतरण प्राधिकरण के अभिलेखों में दर्ज कर दिया जाएगा और कोई पश्चातवर्ती दावा, यदि कोई हो, ग्रहण नहीं किया जायेगा।

**सहायक प्रभारी व्यवसायिक, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण**

## दुर्गा इंटरप्राइजेज के निदेशक रजत सिंघल ने किया भंडारे का आयोजन





**हिन्द आत्मा संवाददाता-साहिबाबाद।** दुर्गा इंटरप्राइजेज जीटी रोड साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया के प्रांगण में रजत सिंघल के कार्यालय के उद्घाटन के शुभ अवसर पर लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट के संस्थापक/अध्यक्ष शिक्षाविद रामदुलार यादव ने शुभकामना देते हुए कहा कि आज सैकड़ो लोगों ने उद्घाटन के अवसर पर भोजन भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया तथा रजत सिंघल के उज्जवल भविष्य व सफलता की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से हमें समता, समानता, सद्भाव, भाईचारा, प्रेम बढ़ाने में मदद मिलती है तथा त्याग की भावना बलवती होती है। इस अवसर पर डॉक्टर बिशन लाल गौड़, शिक्षाविद रामदुलार यादव, रजत सिंघल, इंजीनियर धीरेंद्र यादव, राम अवतार ठेकेदार ने भंडारे का शुभारंभ किया।कार्यक्रम में शामिल रहे डॉक्टर देवकर्ण, उमेश, ओंकार, सचिन, सुनील, कैलाश चंद्र, विजय भाटी एडवोकेट, मुनीम यादव, हृदय आनंद फौजी, रामनारायण यादव, एस० एन० अवस्थी, लक्ष्मी नारायण सहगल सहित सैकड़ो लोगों ने भोजन प्रसाद ग्रहण कर आयोजकों को धन्यवाद दिया तथा कार्यक्रम की सराहना की।

## पिंजौर की प्रगति का नवीनतम गीत 'यूजलेस भंवरा' लोगो के दिलोंमें मिठास भर रहा हैं







**हिन्द आत्मा संवाददाता**-प्रगति नागपाल अपने फर्स्ट ट्रैक - 'यूजलेस भंवरा', सारेगामा के रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रही थीं। यह गाना उनके लिए सिर्फ एक और प्रोजेक्ट नहीं था; यह प्यार का परिश्रम था, उसकी गहरी भावनाओं और अनुभवों से बुना गया एक राग था।

इस बीच, पिंजौर में उत्साह अपने टॉप पर था और प्रगति के नए गाने के रिलीज का बेसब्री से इंतजार करते हुए पूरा शहर उत्साह से गूंज रहा था। आभार और प्रेम के एक दिल को छूने वाले भाव के संकेत में, प्रगति, प्यार से 'पिंजौर की प्रगति' के रूप में प्रिय, ने अपने प्यारे शहर के प्रति अपने सराहना का इजहार करने का निर्णय किया और पिंजौर के हर घर में लड्डू के डिब्बे का वितरण करवाया, उनके अटल समर्थन और प्यार के लिए उनकी अत्यधिक आभार के एक छोटे से प्रतीक के रूप में।

यह गाना, जिसमें उत्साहपूर्ण शादी का माहौल था, के साथ इस गाने ने तेजी से गति पकड़ी, चार्ट पर चढ़ गया और शहर में चर्चा का विषय बन गया। प्रगति के लार्जर-दैन-लाइफ-प्रतिनिधित्व को मुंबई, दिल्ली और चंडीगढ़ जैसे विभिन्न शहरों के प्रमुख स्थानों पर देखा गया, जहां गाने का दफकोड भी था, जो नवीनतम गीत के रिलीज के लिए समर्पित कुल उत्साह में और भी योगदान किया। अपनी आकर्षक धुनों और भावपूर्ण गीतों के साथ, 'यूजलेस भंवरा' एक शादी का गाना बना हुआ है, जो अपनी मेलोडी में लोगों को एकजुट करता है और जहां भी जाता है गाना, वहां आनंद फैलाता है। आभार और आनंद से परिपूर्ण हृदय के साथ, प्रगति आगे के सफर को देखती थी, जानती हुई कि अपने प्रशंसकों के प्यार और भगवान के आशीर्वाद के साथ, वह जो हासिल कर सकती थी उसकी कोई सीमा नहीं थी

# कोई नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़ करेगा तो उसके बाप-दादा की प्रॉपर्टी जब्त करके गरीबों में बंटवा देंगेः सीएम योगी

## सीएम ने कहा- दंगा और कर्फ्यू लगाने वालों की गर्मी शांत करके यूपी को एक शांत और शुद्ध वातावरण दिया






हिन्द आत्मा संवाददाता

**कैराना, :** हमारी सरकार ने दंगा और कर्फ्यू मुक्त उत्तर प्रदेश दिया है। वहीं दंगा और कर्फ्यू लगाने वालों की गर्मी को शांत करके आपको एक शांत और शुद्ध वातावरण दिया है। उनको फिर से पनपने का अवसर मत दीजिएगा क्योंकि यह जातिवाद की राजनीति करके पहले दंगों और कर्फ्यू के आमंत्रण की एक शुरूआत करेंगे। इसके बाद बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए खतरे की घंटी बनेंगे, जो यहां के विकास को बाधित करने की साजिश का हिस्सा है। हमें इससे ऊपर उठकर काम करना होगा। इसके लिये हमें दंगाइयों, भ्रष्टाचारियों, अराजक तत्वों, बेटी, मां, अन्नदाता, नौजवान के जीवन से खिलवाड़ करने वालों को दोबारा पनपने नहीं देना है, चाहे वह कोई भी हो। आज कोई भी नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़ नहीं कर सकता। यदि कोई ऐसा प्रयास भी करता है तो उसके बाप-दादा की प्रॉपर्टी जब्त करके गरीबो में बंटवा देंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मिशन ही हमारा मिशन है। हम उनके राष्ट्रवाद के विजन और मिशन के साथ जुट कर नए भारत के निर्माण के लिए कार्य करेंगे। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कैराना लोकसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं। इस दौरान उन्होंने बीजेपी और राष्ट्रीय लोक दल के संयुक्त लोकसभा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के पक्ष में वोट की अपील की।

**सहारनपुर में दंगा और कर्फ्यू पुरानी बात**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सहारनपुर में अब विकास हो रहा है। यहां दंगा और कर्फ्यू पुरानी बात हो गयी है। आज सहारनपुर विकास की धारा के साथ जुड़ कर-के विकसित भारत की तर्ज पर विकसित उत्तर प्रदेश के सपने को साकार करने के लिए कृत संकल्पित दिखाई दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्र भारत में पहली बार अन्नदाताओं को सम्मान देने वाले किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित कर उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की है। आपने पिछले 10 वर्ष में मोदी जी के नेतृत्व में बदलते हुए नए भारत को देखा है। दुनिया के अंदर भारत का सम्मान बढ़ा है। सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। आतंकवाद नक्सलवाद समाप्त हुआ है। विकास के बड़े-बड़े कार्य हो रहे हैं। हाईवे, रेलवे, मेट्रो, यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग संस्थान बन रहे हैं और गरीब कल्याणकारी योजनाओं का तो कोई सानी ही नहीं है। मोदी जी ने योजनाओं का लाभ देते हुए कभी किसी की जाति नहीं देखी। 80 करोड़ लोगों को पिछले 4 वर्ष से मुफ्त राशन मिल रहा है। आज आपके पास यह गारंटी है कि अगर कोई दुर्भाग्य से बीमार हुआ तो कह सकता है कि मेरे पास ₹500000 की स्वास्थ्य बीमा का कवर है। अगर किसी का आयुष्मान कार्ड नहीं बन पाया है तो कोई पीड़ित या विधायक मुझे पत्र लिख देता है तो लखनऊ से तुरंत पैसा उनके खाते में भेज देता हूं। किसी बीमार व्यक्ति की जाति वोट बैंक के सौदागरों के लिए महत्वपूर्ण हो सकती है, लेकिन मेरे लिए वह प्रदेश का नागरिक है, उसके हितों का संरक्षण करना मेरा दायित्व है। हमने कभी प्रोपेगेंडा नहीं किया। आज सरकारी नौकरियों में कोई भेदभाव नहीं है. जब सरकारी नौकरियां निकलती हैं तो हमारे सहारनपुर के नौजवान भी भारी संख्या में उसमें भर्ती होते हैं। पहले दो-तीन जिलों के लोग ही भर्ती किए जाते थे, बाकी लोगों को ठेंगा दिखा दिया जाता था। हमने कहा कि यह नहीं चलेगा। 75 के 75 जनपदों की भर्ती होगी और अगर कोई नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करेगा तो उसके बाप, दादा की भी प्रॉपर्टी को जब्त करके गरीबों में बंटवाने का काम करेंगे।

# मां के जयकारों से गूंज उठा सिद्धेश्वर महादेव कुटी मंदिर

### श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज की प्रेरणा से नवार्ण मंत्र का जाप एक वर्ष तक होगाः स्वामी वैद्य मुकेशानंद गिरि



हिन्द आत्मा संवाददाता

**गाजियाबादः** श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर, श्रीपंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता, दिल्ली संत महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हिंदू यूनाइटिड फ्रंट के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज के पावन सानिध्य में सिद्धेश्वर महादेव कुटी मकरेड़ा पाइप लाइन में चैत्र नवरात्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि 9 अप्रैल से अखंड शतचण्डी अनुष्ठान व महायज्ञ का आयोजन हो रहा है। 8 अप्रैल 2025 तक होने वाले इस अनुष्ठान में शुक्रवार को बडी संख्या में भक्त पहुंचे और कुटी के अलावा आसपास का क्षेत्र भी माता राजनी के जयकारों से गूंजता रहा। श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज की प्रेरणा से आयोजक स्वामी वैद्य मुकेशानंद गिरि ने नौ लाख नवार्ण मंत्र का जाप का प्रयोग 1 वर्ष तक अनवरत कराने का संकल्प लिया है। चतुर्थ दिवस शुक्रवार को यज्ञाचार्य विकास कुमार पांडेय व नित्यानंद आचार्य ने मां भगवती के चौथे स्वरूप मां कुष्मांडा का वैदिक विधि विधान व षोडशोपचार से पूजन-अर्चन कराया। स्वामी वैद्य मुकेशानंद गिरि ने बताया कि महाराजश्री ने जनकल्याण व विश्व शांति हेतु यह अखंड चंडी प्रयोग की प्रेरणा दी है। नवरात्रि में चौथे दिन देवी को कूष्मांडा के रूप में पूजा जाता है। अपनी मंद व हल्की हंसी के द्वारा अण्ड यानी ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण देवी को कूष्मांडा नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि नहीं थी व चारों तरफ अंधकार ही अंधकार था, तब इसी देवी ने अपने हास्य से ब्रह्मांड की रचना की थी। मुख्य यजमान सत्यवीर भाटी नोएडा ने मां भगवती का पूजन और अर्चन कर भगवान सिद्धेश्वर महादेव का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### वोट डारवे जानौं हैं...

# चुनाव का पर्व - देश का गर्व




**मथुरा/मुख्य** विकास अधिकरी एवं स्वीप नोडल अधिकारी मनीष मीना के दिशा निर्देशन में चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत दूरदर्शन मथुरा द्वारा 26 अप्रैल को मतदान की अपील करते हुए पपेट शो "वोट डारवे जानौं हैं" शूट किया गया।

पपेटस शो का लेखन डॉ अनीता मुदगल, स्वर - डॉ अनीता मुदगल / ललित मुदगल, पपेटस सज्जा और संचालन में गुरूप्यारी संत्सगी, सीमा यादव और सूत्रधार की भूमिका में प्रो. पल्लवी सिंह रही। इस पपेट शो का उद्देश्य लोगों को अधिक से अधिक संख्या में मतदान वाले दिन घर से निकल वोट डालने के प्रेरित करना है साथ ही साथ स्थानीय क्षेत्र के लोगों को भी जागरूक करना है। स्वीप कोऑर्डिनेटर प्रो पल्लवी सिंह व डीएमएलटी मनीष दयाल ने कहा कि जनपद में मतदाता जागरूकता अभियान के द्वारा आम जनमानस को शत प्रतिशत मतदान हेतु मतदान की महत्वता और मतदान दिवस की भूमिका से अवगत कराया जा रहा है।

कार्यक्रम में टीम स्वीप से स्वीप कोऑर्डिनेटर प्रो पल्लवी सिंह, डीएमएलटी मनीष दयाल, डॉ दीनदयाल, गुरूप्यारी संत्सगी, सीमा यादव, डॉ अनीता मुदगल उपस्थित रहे।

# महात्मा ज्योतिबा फुले के जन्मदिन पर रसिया दंगल के साथ मतदाता जागरूकता

### कलाकारों ने 26 अप्रैल को वोट डालने की अपील रसिया के माध्यम से की

हिन्द आत्मा संवाददाता

मथुरा/महात्मा ज्योतिबा फुले के 197 वे जन्मदिन पर गोकुल एवं औरंगाबाद में रसिया दंगल कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें महात्मा ज्योतिबा फुले के आदर्शों को अनुकरण करने के साथ गोकुल में हाथरस के कवि रामवीर सिंह ने मतदाता जागरूकता रसिया प्रस्तुत किया तथा समस्त दर्शकों को 26 अप्रैल को होने वाले मतदान में सत प्रतिशत भागीदारी की शपथ भी दिलाई । राज्य स्तरीय एवं वीवीपीएटी मास्टर ट्रेनर डॉ0 दीनदयाल ने सभी दर्शकों से सभी आवश्यक कार्यों को छोड़कर पहले मतदान करने की अपील की।

औरंगाबाद में भी सैनी समाज द्वारा आयोजित महात्मा ज्योतिबा फुले के कार्यक्रम में कलाकारों ने 26 अप्रैल को वोट डालने की अपील रसिया के माध्यम से की जिसको सभी दर्शकों ने स्वीकारा और समय से मतदान केंद्र पर पहुंचने का आश्वासन दिया। टक्कर के रसिया कार्यक्रम में दूसरी पार्टी द्वारा भी मतदान को प्राथमिकता से करने की अपील की।

# माफिया या तो जेल में हैं या जहन्नुम में : योगी आदित्यनाथ

## बोले सीएम, कालनेमियों के बहकावे में न आएं, जो राम को लाए हैं, आप उनको लाएं

- मुख्यमंत्री ने सहारनपुर के देवबंद में जनसभा को किया संबोधित
- चिल्लाकर उपद्रव कराने वाले माइकों को हमने हमेशा के लिए उतार दिया : योगी
- सहारनपुर को पश्चिम का काशी बनना था, बना दिया मजहबी जुनून का अखाड़ा : मुख्यमंत्री
- फतवों के जरिए अव्यवस्था और अराजकता फैलाने का काम किया जाता था : सीएम योगी





हिन्द आत्मा संवाददाता

**सहारनपुर, ।** । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि माफिया रक्तबीज हैं, इन्हें किसी भी हाल में दोबारा पनपने नहीं देना है। इनके सामने कांग्रेस नतमस्तक थी और सपा दुम दबाकर चलती थी, मगर आज इनमें से कुछ जेल में हैं तो कुछ जहन्नुम चले गये हैं। इनकी गर्मी को पूरी तरह से शांत कर दिया गया है। सीएम योगी शुक्रवार को देवबंद में सहारनपुर लोकसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी राघव लखन पाल शर्मा के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ये चुनाव स्पष्ट रूप से दो ध्रुवों में बंट चुका है। एक तरफ जातिवादी लोग हैं, दूसरी तरफ राष्ट्रवाद को समर्पित लोग हैं। एक तरफ सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने वाले हैं तो दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत माता का स्वाभिमान ऊंचा रहे, तेरा वैभव अमर रहे के भाव वाले लोग हैं।

**सहारनपुर वीरों की उर्वरा भूमि है**

मुख्यमंत्री ने जनसभा में आई जनता को चैत्र नवरात्रि की चतुर्थ तिथि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि माता बालासुंदरी, मां शाकम्भरी और मां यमुना की पावन गोद में बसा सहारनपुर जनपद वीरों की उर्वरा भूमि है। आज महाप्रतापी महाराणा सांगा की पावन जयंती है। उनकी जयंती पर उनके सुपौत्र महाराणा प्रताप की मूर्ति पर पुष्पांजलि प्रदान करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है।सैकड़ों साल के बाद भी देश महाराणा प्रताप को गर्व के साथ याद करता है, क्योंकि उनका त्याग देश और धर्म के लिए था, सत्ता के लिए नहीं था। मगर कांग्रेस और सपा, बसपा के लोग 20 साल से यहां महाराणा प्रताप की प्रतिमा बनने नहीं दे रहे थे।

**सच्चा राष्ट्रभक्त उसके साथ होगा जो राम को लाए हैं**

मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी जी के पहले कई सरकारें आईं, मगर क्या कोई अयोध्या में राममंदिर का निर्माण करा सकता था। कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि राम हुए ही नहीं। जैसे हनुमान जी जब संजीवनी बूटी लेने गये थे तो कालनेमी रामनाम का जप कर रहा था। इस चुनाव में भी आपके पास कालनेमी आएंगे और रामनाम का जप करेंगे। मगर सच्चा राष्ट्रभक्त उसके साथ होगा जो राम को लाए हैं। आपने देश में 10 साल और प्रदेश में 7 साल से हमारी सरकार को देखा है। आज दंगाई दंगा करना भूल गये हैं।

**न रहेगा बांस न बजेगी बांसुरी**

सीएम ने कहा कि पहले जहां से चिल्लाकर उपद्रव करते थे वो माइक ही हमने उतार दिये हैं। न रहेगा बांस न बजेगी बांसुरी। हमारा देश और हमारा धर्म ही हमारा राष्ट्रधर्म है। यह सुरक्षित है तो हम सुरक्षित रहेंगे। ये लोग जो जाति के नाम पर लड़ाने भिड़ाने का काम करते हैं और कालनेमी बनकर गुमराह कर रहे हैं उन्हें बजरंगी बनकर पहचानिए। जातिवाद, सम्प्रदायवाद, क्षेत्रवाद का क्लेश हर डालिए और जनार्दन स्वरूप धारण कीजिए। आपका यही मंत्र होना चाहिए कि जो राम को लाए हैं, जो कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त किये हैं, जो तीन तलाक को खत्म किये हैं, हम उनको लाएंगे।

**दो घंटे की दूरी पर होगी दिल्ली**

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा सबने शासन किया मगर सहारनपुर को क्या दिया। यहां हाईवे के निर्माण को इसलिए रोक दिया गया, क्योंकि कांट्रैक्टर कमीशन नहीं दे पा रहा था। मगर अब यहां हाईवे बन चुका है। अब जल्दी ही सहारनपुर से दिल्ली महज दो घंटे की दूरी पर होगा। हाईवे, रेलवे कनेक्टिविटी, विश्वविद्यालय और सहारनपुर को स्मार्ट सिटी बनाया जा रहा है। मां शाकम्भरी के नाम पर बने यूनिवर्सिटी में सत्र प्रारंभ हो चुका है, चुनाव बाद इसका भव्य उद्घाटन होगा।

**देवबंद को मजहबी जुनून का अड्डा बना दिया था**

सीएम योगी ने कहा कि जिस सहारनपुर को पश्चिम का काशी बनना था यहां देवबंद को मजहबी जुनून का अड्डा बना दिया। छोटी छोटी सी बात को लेकर फतवा जारी होता था। वैक्सीन कैसे दी जाए इसे लेकर फतवा जारी होता था। यहां से अव्यवस्था और अराजकता फैलाने का प्रयास किया जाता था। विकास की कोई चर्चा नहीं करता था। आज यहां की हस्तशिल्प और कारीगरी दुनिया में धूम मचा रही है। यहां पहले भी कारीगर थे, मगर प्रोत्साहन नहीं था। पहले अन्नदाता किसान आत्महत्या करने के लिए मजबूर था। उपज का दाम नहीं मिलता था, चीनी मिलों को औने पौने दाम पर बेचकर माफिया के हवाले कर दिया जाता था।

**कोई माफिया जेल में है तो कोई जहन्नुम में**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश की व्यवस्था को माफिया संचालित नहीं कर सकता। माफिया वहीं जाएगा जहां उसकी जगह है। कोई बेटी और व्यापारी के लिए खतरा बनेगा तो उसे मिट्टी भी नहीं मिलेगी। आज कोई माफिया जेल में है तो कोई जहन्नुम में है। बाकी जो बचे हैं स्वयं ही रामनाम सत्य की यात्रा पर निकल गये हैं। यहां बड़े बड़े धुरंधर हुआ करते थे। जब वे चलते थे तो मुख्यमंत्री और मंत्री के काफिले रुक जाते थे। हमने उनकी गर्मी को शांत कर दिया है। जिनकी गर्मी शांत हो चुकी है, उनको ये जातिवादी संगठन फिर से पैदा करना चाहते हैं। इन्हें पैदा नहीं होने देना है, ये रक्तबीज हैं, सामान्य नागरिक का जीना हराम करते हैं। ऐसे जातिवादियों को दो टूक जवाब दीजिए।